# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025



18वां प्रवासी भारतीय दिवस
18TH PRAVASI BHARATIYA DIVAS
8th-10th January 2025

विकसित भारत की संकल्पना में प्रवासी भारतीयों का योगदान
DIASPORA'S CONTRIBUTION TO A VIKSIT BHARAT

विदेश मंत्रालय
भारत सरकार



दुनिया भर में फैले भारतीय डायस्पोरा का इतिहास, उनके उस देश में पहुंचने और वहां अपना परचम लहराने की गाथाएं, भारत की अहम विरासत हैं।
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## विश्व में बढ़ाया देश का मान
## प्रवासी भारतीयों का
## हार्दिक सम्मान





## समापन भाषण

एवं

## प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार वितरण

## श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

भारत की माननीय राष्ट्रपति

के द्वारा

18वां

प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन

10 जनवरी, 2025

जनता मैदान, भुवनेश्वर

### गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ. हरि बाबू कंभमपति**
राज्यपाल, ओड़िशा

**श्री मोहन चरण माझी**
मुख्यमंत्री, ओड़िशा

**डॉ. एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री, भारत सरकार

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान**
शिक्षा मंत्री, भारत सरकार

**श्री जुएल ओराम**
जनजातीय कार्य मंत्री, भारत सरकार

**श्री कीर्तिवर्धन सिंह**
विदेश, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
भारत सरकार

**श्री पबित्रा मार्गेरिटा**
विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री
भारत सरकार

### मुख्य आकर्षण

पूर्णांग अधिवेशन

प्रवासी दिवस: महिला नेतृत्व और प्रभाव का उत्सव – नारी शक्ति

प्रवासी संवाद: संस्कृति, संबंध और अपनेपन की कहानियां

कार्यक्रम के विवरण के लिए स्कैन करें

*अतिथि देवो भव*



डीडी न्यूज़ और डीडी ओड़िया पर लाइव देखें | यूट्यूब पर: DD News / DD ODIA

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, ओड़िशा सरकार

मध्यप्रदेश शासन



# देश का दिल लिख रहा **विकास का नया अध्याय**



**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएँ

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

**24 25 फरवरी 2025, भोपाल**

### समिट की रूपरेखा

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से शुभारंभ**

- सेक्टोरल समिट
- थीमेटिक सेमिनार
- एग्जीबिशन एंड एक्सपो
- प्रवासी मध्यप्रदेश

**पंजीकरण करने के लिए स्कैन करें।**
www.investmp.in

D--11149/24



मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



कहीं नल नहीं लगे, कहीं पाइप लाइन का झंझट

# जल जीवन की टंकियों में 'सूखा' काम आधा और समय खत्म

## अब मिशन को आगे बढ़ाने के लिए मांगी परमिशन

हरिभूमि न्यूज: रायपुर/भिलाई/ दुर्ग/ जगदलपुर/ निकुम

हरिभूमि पड़ताल

जहां काम हुए हैं, उनमें से कई जगह टंकियां सूखी हैं, घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। यही वजह है कि राज्य ने बचे कामों को पूरा करने के लिए केंद्र से समय मांगा है। केंद्र से ने अभी इस पर निर्णय नहीं लिया है। मामले में तर्क दिया गया है कि जल जीवन मिशन के लिए पांच वर्षों के स्थान पर छत्तीसगढ़ को तीन वर्ष का ही समय ही मिल पाया। कोरोना शेष पेज 2 पर



### 33 प्रतिशत राशि हुई खर्च

राज्य मे योजना के अंतर्गत बजट के प्रावधान की वित्तीय स्थिति 4668.11 करोड़ रुपए हैं। इसके अंतर्गत पूंजीगत व्यय 1496.95 करोड़ रुपए है। पूंजीगत व्यय 32.7 प्रतिशत है। वहीं राजस्व व्यय मद के अंतर्गत 50 प्रतिशत की राशि है। इसमें कुल 5047.63 करोड़ रुपए के बजट प्रावधान है। अभी तक कुल व्यव 1688.89 करोड़ रुपए है। जो कुल व्यय का 33.46 प्रतिशत है।

### सितंबर 2023 में पूरे होने वाले 7 बड़े काम जो अब भी अधूरे

- चंदखुरी-कोलिहापुरी-पिसेगांव - 31 गांव में 45.07 करोड़ से 19210 घरों तक पानी पहुंचाना था।
- ओदरागहन-सुरपा- 19 गांव में 21.19 करोड़ से 5484 घरों तक पानी सप्लाई करनी थी।
- जेवरा-सिरसा-भठगांव- 17 गांव में 25.80 करोड़ से 11753 घरों तक पानी पहंचाना था।
- निकुम समूह जलप्रदाय- 13 गांव तक 26.29 करोड़ से 7443 घरों तक पानी की सप्लाई करनी थी।
- पथरिया समूह जलप्रदाय- 28 गांव तक 46.62 करोड़ से 11296 घरों तक पानी पहुंचाया जाना था।

शेष पेज 2 पर



### जिले के 385 गांव में सिर्फ सत्तर का ही पंचायत को हैंडओवर

दुर्ग में पिछले पांच साल से जल जीवन मिशन की शुरूआत की गई हैं, लेकिन प्रशासनिक लचरता के कारण प्रोजेक्ट का अंत नही हो पा रहा हैं। जिले में 385 गांव को मिशन के लिए चुना गया था। जिसमें से अब तक सिर्फ सत्तर ग्राम पंचायत को ही हैंडओवर किया गया है। यहां तक की अब तक टंकियां तक नही बनी हैं। जिसके चलते बोरवेल्स से ही पेयजल की सप्लाई हो रही है। जानकारी अनुसार मिशन की शुरूआत वर्ष शेष पेज 2 पर

### मापदंड अनुरूप निर्माण नहीं



बस्तर संभाग के अधिकांश पंचायतों में कार्य अधूरा में अटक गया। जिससे सरकार के उद्देश्य की पूर्ति नही हुई। बस्तर जिले के आड़ावाल, आमागुड़ा, सरईगुड़ा, तुरेनार, हल्बाकचोरा, कोपागुड़ा समेत अन्य पंचायतों में आज पर्यन्त काम अधूरा है। इस योजना में ओवर हेड टैंक, पहाड़ी क्षेत्र में जहां बिजली की सुविधा नहीं है, सोलर से पाइप लाइन के जरिये पानी पहुंचाई जाती है। आड़ावाल की सरपंच जयंती कश्यप ने कहा टंकी का निर्माण हुआ है, लेकिन स्टैंड पोस्ट से पानी नहीं आ रहा है। काम भी लंबे समय से बंद हो गया है। तुरेनार के सरपंच संपत, आमागुड़ा के सरपंच भगत, हल्बा कचोरा के सरपंच प्रकाश के मुताबिक योजना काम मापदंड के प्रतिकूल होने शेष पेज 2 पर

---

### भाजपा की बैठक में महामंथन, चुनाव के लिए घोषणापत्र समिति का ऐलान

# 25 जनवरी तक मेयर, अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशी होंगे तय, चुनाव फरवरी में संभव




*नगरीय निकाय चुनाव पर भाजपा एक्शन मोड पर आ चुकी है। गुरुवार को मैराथन मंथन के बाद यह तय हो गया पार्टी 25 जनवरी तक मेयर, अध्यक्ष और पार्षद पद के प्रत्याशियों के नाम तय कर लेगी। बैठक के बाद ऐसे संकेत भी मिले हैं कि चुनाव फरवरी के दूसरे पखवाड़े में हो जाएंगे।*

हरिभूमि न्यूज रायपुर

खास खबर

प्रदेश भाजपा संगठन ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूरे मंत्रिमंडल, विधायक, सांसद, प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारियों, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की उपस्थिति में बैठक में महामंथन कर फैसला किया है, 25 जनवरी तक महापौर, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, पार्षद प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया जाएगा। घोषणा पत्र समिति का ऐलान करते हुए इसका संयोजक अनुराग सिंहदेव को बनाया गया है।



इसी तरह से 8 सदस्यों की प्रदेश स्तरीय समिति भी बनाई गई है। जल्द ही मंडल, जनपद और जिला स्तर पर समिति भी बनेगी। इसी के साथ संभाग और प्रदेश स्तर पर अपीली समाति भी बनाई जाएगी। नगरीय निकाय चुनाव शेष पेज 2 पर

### प्रदेश स्तरीय समिति तय

*आठ लोगों की प्रदेश स्तरीय समिति बनाई गई है। इसमें नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी के साथ में संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, अनुराग सिंहदेव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, दीपक मस्के, छगन मुंदड़ा को रखा गया है।*

### तीन स्तरों पर बनेगी समिति

*चुनाव के लिए मंडल, जनपद और जिला स्तर की समिति की बनेगी। समिति में एक समन्वयक और दो सदस्य होंगे। एक सदस्य नगरीय निकाय और एक सदस्य पंचायत चुनाव के लिए होगा। इस समिति के माध्यम से ही प्रत्याशियों का चयन होगा। इसी के साथ नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए संभाग और प्रदेश स्तर पर अपीली समिति बनेगी। इसमें किसी को चयन को लेकर आपत्ति होगी तो वह अपील कर सकेगा।*

---

शीर्ष न्यायालय में बदला फैसला

## राष्ट्रपति ने मौत की सजा को 60 साल की कैद में बदला था अब सुप्रीम कोर्ट से रिहाई

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

अपनी तरह के एक अनोखे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने फैसले और राष्ट्रपति के आदेश के परे जाकर एक दोषी को रिहा कर दिया है। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की निर्मम हत्या करने की सजा फांसी तो बनती है। निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट तक ने मुहर लगाई। राष्ट्रपति के पास दया याचिका पहुंची और उन्होंने फांसी की सजा आजीवन कारावास में बदल दी, लेकिन शेष पेज 2 पर


30 साल पुराना हत्याकांड 3 लोगों की हत्या का मामला

### सुप्रीम कोर्ट ने सुधारी गलती

जस्टिस एमएम सुंद्रेश और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने कहा कि इस मामले में दोषी ने कम शिक्षित होने के बावजूद निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक हर जगह अपने नाबालिग होने की दलील को रखा था, लेकिन हर स्टेज पर शेष पेज 2 पर

---

गुंडराजगुडेम के जंगल में मुठभेड़

## सुकमा के कोर इलाके में मार गिराए तीन नक्सली

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर/सुकमा

पालीगुड़ा गुंडराजगुडेम के जंगल में मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। सुकमा और बीजापुर के सरहदी क्षेत्र पालीगुड़ा एवं गुंडराजगुडेम के जंगल में पीएलजीए लड़ाकों व दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बुधवार को आपरेशन लांच किया गया। सर्चिंग के दौरान गुरुवार सुबह 10 बजे नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी गई। जवानों ने भी तत्काल मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। इसमें तीन पुरुष शेष पेज 2 पर



### शिनाख्त का प्रयास

आईजी ने बताया कि पालीगुड़ा-गुंडराजगुडेम मुठभेड़ में तीन हार्डकोर वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद किया गया है। उनके शिनाख्त के लिए समर्पित नक्सलियों व आसपास के ग्रामीणों से जानकारी एकत्र की जा रही है। जल्द ही मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों का शिनाख्त कर लिया जाएगा।

### मुठभेड़ स्थल नक्सलियों का कोर इलाका

जानकारी के मुताबिक पालीगुड़ा-गुंडराजगुडेम का जंगल नक्सलियों का कोर व सेफ इलाका माना जाता है। डीआरजी, एसटीएफ एवं कोबरा के जवानों ने नक्सलियों के कोर इलाके में आपरेशन कर नक्सलियों को खदेड़ने में कामयाब रही। मुठभेड़ के बाद भी लगातार सर्चिंग जारी है, जिससे कयास लगाया जा रहा है कि मुठभेड़ में और भी नक्सलियों के मारे जाने व घायल होने की संभावना है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों का यह ऑपरेशन नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।







### बैंक कर्मियों ने दी हड़ताल की धमकी

**नई दिल्ली।** बैंक अधिकारियों के संगठन अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ ने सप्ताह में पांच कामकाजी दिन और सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर 24-25 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल की धमकी दी है। इसके अलावा, परिसंघ ने कामकाज के प्रदर्शन की समीक्षा और प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन पर वित्तीय सेवा विभाग के हालिया निर्देशों को तत्काल वापस लेने की मांग की है, जो नौकरी की सुरक्षा को खतरा पहुंचाते हैं। कर्मचारियों के बीच विभाजन उत्पन्न करते हैं।

### यूपी और गुजरात में मिले एचएमपीवी के नए केस

**नई दिल्ली।** ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के गुरुवार को 2 केस मिले हैं। पहला मामला उत्तर प्रदेश का है। यूपी में बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुशील चौधरी ने बताया कि लखनऊ में 60 साल की महिला पॉजिटिव पाई गई है। गुजरात के हिम्मतनगर में 7 साल के एक बच्चे की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। देश में वायरस से जुड़े कुल 11 मामले हो गए हैं। महाराष्ट्र में 3, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए हैं।

## चिंतन

# युद्धरत अस्थिर विश्व के लिए शांति का संदेश

ओडिशा की राजधानी भुबनेश्वर में आयोजित प्रवासी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में निहित है', कहकर देश और दुनिया को अहम संदेश दिए हैं। पहली बात तो यह कि इस वक्त विश्व में दो जंगें चल रही हैं, रूस व यूक्रेन के बीच और इजराइल व हमास-हिज्बुल्ला-हूती के बीच। साथ ही इजराइल व ईरान के बीच तनाव चरम पर है, सीरिया में अभी-अभी असद को सत्ता से बेदखल किया गया है। बांग्लादेश में जबरन सत्ता परिवर्तन हुआ है। पश्चिम एशिया में इस कदर हिंसक उथल-पुथल है कि विश्व का ध्यान इसी तरफ है। संयुक्त राष्ट्र प्रयास करके भी जंग को खत्म नहीं करा पा रहा है। अभी अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा को यूएस का अंग बनाने के लिए जिस तरह का आक्रामक बयान दिया है, चीन ताइवान को डराने के लिए जिस प्रकार का सैन्य बल से लैस रुख अपनाता रहा है, उससे विश्व में तनाव, हिंसा व युद्ध के ही संकेत मिलते हैं, ऐसे में प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) पर पीएम मोदी का विश्व को साफ संदेश है कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है, मानवता व शांति के लिए अहिंसा का मार्ग ही बेहतर है। खास बात है कि विश्व को अहिंसा का संदेश प्राचीनकाल से भारत देता रहा है। अहिंसा के पैरोकार बुद्ध, विवेकानंद, महात्मा गांधी भारत की वैश्विक पहचान भी हैं। मोदी संयुक्त राष्ट्र समेत कई ग्लोबल और द्विपक्षीय मंचों से युद्ध त्यागने और वार्ता करने की अपील अतीत में कर चुके हैं। प्रवासियों के जरिये भारत का शांति व अहिंसा का संदेश विश्व के कोने-कोने तक पहुंचेगा। सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने प्रवासी भारतीयों के महत्व को रेखांकित किया है। दरअसल, प्रवासी भारतीय भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मोदी सरकार ने प्रवासियों को नीतिगत स्तर पर अनेक सहूलियतें भी दी हैं। पिछले दो वर्षों में 14 दूतावास और वाणिज्य दूतावास खोले गए हैं। ओसीआई कार्ड का दायरा भी बढ़ाया गया है। इसे मॉरीशस की 7वीं पीढ़ी के पीआईओ तक बढ़ा दिया गया है। पीएम अपनी विदेश यात्रा के दौरान प्रवासियों से जरूर मिलते हैं। प्रवासियों को भारत के ब्रांड अंबेसडर के रूप में उद्धृत किया जाता है। आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने वाले ग्लोबल साउथ में आज हिंसा व अस्थिरता का दौर जारी है, ऐसे में संघर्षों का समाधान युद्ध से नहीं बल्कि शांति के रास्ते से तलाशा जाना चाहिए। भारत के विकसित बनने में भी प्रवासियों का योगदान अहम होगा। भारत में विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की गई, जो सराहनीय पहल है। विदेश मंत्री एस. जशंकर ने वैश्विक कुशल श्रमबल में भारतीयों के योगदान को रेखांकित किया है। विश्व सभ्यता में भी भारत का प्रमुख योगदान है। त्रिनिदाद एवं टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने भी कहा कि भारतीयों ने विश्व के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। दुनिया का पहला विश्वविद्यालय 700 ईसा पूर्व तक्षशिला में स्थापित किया गया था। आयुर्वेद को चिकित्सा के प्राचीनतम ज्ञान के स्रोत के रूप में वैश्विक रूप से स्वीकार किया जाता है। नौवहन का जन्म लगभग 6,000 वर्ष पहले सिंधु नदी में हुआ था। बीजगणित, त्रिकोणमिति और गणना भी सबसे पहले भारत में ही विकसित हुए थे। भारत ऐसी नागरिक सभ्यता वाला पहला देश है जिसने अंकगणितीय गणनाओं में शून्य (0) चिह्न का उपयोग किया। दशमलव प्रणाली भी भारत में ही विकसित हुई। विश्व को शांति का मार्ग अपनाना चाहिए।



# जनभाषा से विश्व भाषा बन रही हिन्दी

विश्व हिन्दी दिवस

डॉ. ऐश्वर्या झा

भारत की 75 प्रतिशत जनता हिंदी बोलती और समझती है। इसमें 40 प्रतिशत से ज्यादा ऐसी जनसंख्या है जिनकी मातृभाषा हिंदी या उसकी बोली है। हिंदी भाषी लोग 137 से अधिक देशों में हैं। जहां भी भारतीय बसे हैं, वहां पर हिंदी है। विशेषकर हिंदी दक्षिण एशिया में व्यापक रूप से बोली जाती है एवं इस क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल पर हिंदी का बड़ा प्रभाव है। इक्कीसवीं सदी में हिंदी का विकास बीसवीं शताब्दी से कई गुना तीव्र गति से हो रहा है। हिंदी अब विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार, शिक्षा और कूटनीति में भी हिंदी एक महत्वपूर्ण भाषा के रूप में उभरी है। विश्व में हिंदी भाषा के प्रति आकर्षण बढ़ा है।

वैश्विक स्तर पर हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं इसे एक अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से 10 जनवरी 1974 को महाराष्ट्र के नागपुर में प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। वर्ष 2006 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। विश्व के 7,000 से अधिक भाषाओं के मध्य हिंदी ने निरंतर अपनी अलग पहचान बनाई है। हिंदी अपनी प्रयोजनमूलकता, सहजता, सरलता के कारण सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं रही है बल्कि आज यह विश्व के कई देशों में बोली और समझी जाती है।

दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में अंग्रेजी (142 करोड़), मंदारिन चीनी (138 करोड़), हिंदी (66.2 करोड़), स्पैनिश (55.9 करोड़) एवं फ्रेंच (30.9 करोड़) हैं। संख्या के आधार पर विश्व में हिंदी भाषा, अंग्रेजी, मंदारिन भाषा के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत की 75 प्रतिशत जनता हिंदी बोलती और समझती है। इसमें 40 प्रतिशत से ज्यादा ऐसी जनसंख्या है जिनकी मातृभाषा हिंदी या उसकी बोली है। हिंदी भाषी लोग 137 से अधिक देशों में हैं। जहां भी भारतीय बसे हैं, वहां पर हिंदी है। विशेषकर हिंदी दक्षिण एशिया में व्यापक रूप से बोली जाती है एवं इस क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल पर हिंदी का बड़ा प्रभाव है। पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, बांग्लोदश, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार, इंडोनेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मॉरिशस, यमन, युगांडा और त्रिनाड एंड टोबैगो, कनाडा आदि देश शामिल हैं। अमेरिका, चीन, जर्मनी, साउथ कोरिया जैसे कई देश हैं जहां हिंदी पढ़ाई भी जाती है। हिंदी लगभग डेढ़ हजार वर्ष से भी अधिक पुरानी है। इक्कीसवीं सदी में हिंदी का विकास बीसवीं शताब्दी से कई गुना तीव्र गति से हो रहा हैं। हिंदी अब विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर है। संयुक्त राष्ट्र के गठन के 75 साल वर्ष 2020 में पूरे होने से कुछ समय पहले ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने हिंदी न्यूज बुलेटिन की भी शुरुआत की थी। हिंदी संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा बनने की सबसे प्रबल दावेदार है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार, शिक्षा और कूटनीति में भी हिंदी एक महत्वपूर्ण भाषा के रूप में उभरी है। विश्व में हिंदी भाषा के प्रति आकर्षण बढ़ा है जिसका कारण है हिन्दी भाषा का लचीलापन है। अनुकूलन की क्षमता के कारण यह सभी भाषाओं के शब्दों को अपने अंदर समेट लेती है। यह अनेक विदेशी भाषाओं को न केवल स्वीकार करती है बल्कि विश्व की समस्त भाषाओं को आत्मसात करने करने का प्रयास करती है। हिंदी भाषा में अन्य भाषा के कई शब्द लिए गए। अदालत, तारीख, मायने, अखबार, अदब, काफी, इज्जत, औरत, इलाज, कानून, औलाद, कुर्सी, हिम्मत और लिफाफा जैसे शब्द अरबी भाषा से हिंदी में आए हैं। अचार, चाबी, संतरा, बाल्टी, तौलिया, तंबाकू, आया और आलपिन आदि शब्द पुर्तगाली भाषा से, कैंची, चम्मच, बारूद, तोप, बेगम, खंजर, हफ्ता, हवा, दुकान, बादाम, ऊर्दू भाषा से और चेचक जैसे शब्द तुर्की से, अंग्रेज, साबुन, सूप, कूपन, मेयर, काजू,



कारतूस शब्द फ्रैंच भाषा से , चिड़िया और बम डच भाषा से लिए गए हैं। अकेडमी, एटलस, बाइबिल और टेलीफोन शब्द यूनानी भाषा से, चाय और लीची शब्द चीनी भाषा से एवं टाई, स्टेशन, माइक, रेल, क्यूट, स्कूल जैसे कुछ शब्द अंग्रेजी भाषा से भी लिए गए हैं ।

तात्पर्य यह है कि अपनी सहजता और सरलता ही हिंदी को लोकप्रिय बनाती है और इसी के कारण हिंदी आज तकनीकी भाषा के रूप में स्वीकृत होती जा रही है। रोजगारपरकता, व्यावसायिकता, लोकप्रियता जैसी तमाम विशेषताओं को समेटे हिंदी अब वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नई ऊंचाई की तरफ़ अपने कदम बढ़ा रही है। मोबाइल क्रांति एवं विज्ञान एवं तकनीक के सहारे पूरी दुनिया एक वैश्विक बाजार बन चुका है। वैश्विक पटल पर हिंदी संपर्क, प्रचार के साथ वैश्विक बाजार की भाषा बनती जा रही है। अमेरिका की भाषा नीति में दस नई विदेशी भाषाओं को जोड़ा गया है, जिनमें हिंदी भी शामिल है। मॉरीशस एवं ब्रिटेन में भी हिंदी का वर्चस्व बढ़ा है। देश-विदेश में इसे जानने-समझने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इंटरनेट ने तो हिंदी के लिए नया आसमान मुहैया कराया है। शुरुआती बढ़त के कारण इंटरनेट पर अंग्रेज़ी का दबदबा है किंतु विगत दो दशक में स्थानीय भाषाओं में कंटेंट एवं पाठक बढ़े हैं। जैसे-जैसे इंटरनेट दुनिया भर के लोगों के लिए सुलभ होता जाएगा, हिंदी भाषा का उपयोग बढ़ने की संभावना और बलवती होगी। विदेश में 25 से अधिक पत्र-पत्रिकाएं लगभग नियमित रूप से हिंदी में प्रकाशित हो रही हैं। यूएई के 'हम एफ-एम' सहित अनेक देश हिंदी कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें बीबीसी, जर्मनी के डायचे वेले, जापान के एनएचके वर्ल्ड और चीन के चाइना रेडियो इंटरनेशनल की हिंदी सेवा विशेष रूप से शामिल है। आज भारत के बाहर 265 से भी अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी की पहुंच है। हमारी राष्ट्रीय भाषा की अत्यधिक लोकप्रियता और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय महत्व के साथ-साथ, हिंदी भाषा के क्षेत्र में रोज़गार के अवसरों में भी जबर्दस्त प्रगति हुई है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, हिंदी सिनेमा के विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी भाषा की पहुंच ने रोज़गार में अभूतपूर्व वृद्धि की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को स्थापित करने में अनुवाद और अनुवादकों का महत्वपूर्ण स्थान है। वेब, विज्ञापन, सिनेमा और बाजार के क्षेत्र में हिंदी की मांग जिस तेजी से बढ़ी है, वैसी किसी और भाषा में नहीं। विज्ञान और तकनीक के रोजमर्रा के काम में उपयोग के बाद, अनुवाद प्रौद्योगिकी, गूगल, नेटफ्लिक्स, अमेज़न, हिंदी में लोकलाइज़ेशन के साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी बैंकिंग कारोबार, जनसंपर्क, विज्ञापन में हिंदी भाषी के लिए अवसर देगा। विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है और देश की प्रतिनिधि भाषा माने जाने के कारण हिंदी की भी। यह कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि विश्व के विभिन्न देशों में भारतवंशियों ने शिक्षा, व्यवसाय, उद्योग, राजनीति में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने अपने अपने देशों में हिंदी भाषा को जीवंत रखने के प्रयास किए हैं। दृढ़ इच्छा शक्ति और सम्मिलित प्रयास से ही यह संभव हो पाएगा। यही प्रयास हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा बनाने में भी अपेक्षित है। विश्व हिंदी दिवस पर हर हिंदी प्रेमी को हिंदी को विश्व भाषा के रूप में स्थापित करने का संकल्प लेना चाहिए। हिन्दी को भी ऐसे ही वैश्विक स्तर तक पहुंचाया जा सकता है कि जब हम उसका उपयोग सम्मान के साथ करें। हिन्दी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्राह्य बनाने के लिए उसे पारंपरिक व्याकरण के दबाव से मुक्त करना होगा और अधिक से अधिक सरलता को अपनाना होगा। हिंदी भाषा को आने वाले समय की भाषा बनाना हिन्दी भाषियों और अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस का लक्ष्य होना चाहिए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि पहले भारतवासी उसे हर क्षेत्र में प्रयोग में लाएं, तभी वह जनभाषा से विश्व भाषा बन पाएगी।

(लेखिका दिल्ली विवि में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## दो टूक

शशि शेखर



# राजनीतिक जड़ता को तोड़ने की कोशिश

जनसुराज, फलां की बी-टीम है या उसे फलां से पैसा मिल रहा है या यह अमुक की अमुक के खिलाफ साजिश है। राजनीति में किसी भी गैर-राजनीतिक विरासत वाले व्यक्ति या समूह की एंट्री के साथ ही ऐसे शब्दों से स्वागत किए जाने की रवायत हिन्दुस्तान में पुरानी रही है। जनसुराज और प्रशांत किशोर के लिए भी फिलहाल ऐसे ही शब्द/ आरोप इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ये आरोप कितने सही हैं, कितने गलत, इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता। इसके लिए यकीनन आम आदमी को इंतज़ार करना होगा। आम आदमी वैसे भी जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेता। मीडिया और बुद्धिजीवी भले ऐसा करते रहे हैं और अक्सर ग़लत साबित होते रहे हैं क्योंकि, बहुत सूक्ष्म विश्लेषण करेंगे, तो राजनीतिक इकोसिस्टम के भीतर एक किस्म का 'सत्ता का लौह सिद्धांत' पाएंगे, जहां सब मिले हुए हैं और मिलकर किसी भी नए प्रवेशी के लिए दरवाजा नहीं खोलना चाहते। अंग्रेज नौकरशाह एओ ह्यूम को कांग्रेस की स्थापना का आर्किटेक्ट कहा जाता है और यह भी कि कांग्रेस की स्थापना अंग्रेजों ने अपने सेफ्टी वाल्व के तौर पर की थी। आरएसएस, इसकी एक राजनीतिक शाखा बीजेपी है, की स्थापना करने वाले हेडगेवार के करीबी मित्र बीएस मुंजे के बारे में आपको यह जानकारी आसानी से मिल जाएगी कि इटली जाकर उन्होंने मुसोलिनी से मुलाक़ात की थी और उसकी राजनीतिक पार्टी का सूक्ष्म अध्ययन किया था। फिर भारत की जितनी भी कम्युनिस्ट पार्टियां हैं, उनका वैचारिक गर्भालान संबंध सोवियत रूस और चीन से रहा है। आप ध्यान देंगे, तो पाएंगे कि भारत की कम्युनिस्ट पार्टियों के मूल अंग्रेजी नाम इस तरह है, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया यानी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी। इसका एक सरल भावार्थ यह हुआ कि भारत की कम्युनिस्ट पार्टियां महज इंटरनेशनल कम्युनिस्ट रिवोल्यूशन की एक शाखा हैं और आज भी ये रूस और चीन की कम्युनिस्ट पार्टियों (मार्क्स-लेनिन-माओ) की वैचारिकी पर चलते हैं। तो क्या ये सब किसी के एजेंट हैं? क्या ये सब किसी की बी या सी टीम है? आज भी हिन्दुस्तान में ओवैसी हो या केजरीवाल, इन पर किसी न किसी की बी-टीम होने के आरोप लगते रहे हैं। यह अलग बात है कि बी-टीम का आरोप झेलते-झेलते केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में भाजपा और कांग्रेस को बी अथवा सी ग्रेड की पार्टी बना दिया। अब जाकर कुछ ऐसा ही बिहार में देखने को मिल रहा है, जब प्रशांत किशोर की जनसुराज पर किसी दल के बी या सी टीम होने का आरोप लग रहे हैं। नीतीश कुमार हो, लालू प्रसाद यादव या रविशंकर प्रसाद, सब जानते हैं कि कैसे जेपी या मोरारजी भाई देसाई तक को इंदिरा गांधी की तत्कालीन कांग्रेस ने विदेशी एजेंट तक बताया था। ऐसा इसलिए कि वर्षों से सत्ता पर काबिज एक राजनीति दल यह मान चुका था कि इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा। तो क्या इतिहास भूल जाना हमारे राजनेताओं की आम बीमारी है या फिर एक मजबूरी? यानी, जो नेता, जो दल खुद किसी न किसी आन्दोलन से निकले हैं, वे आज पीके को बिहार पब्लिक सर्विस कमिशन में हुई धांधली पर संघर्ष कर रहे छात्रों के समर्थन में आने के कारण अपना निशाना बना रहे हैं। उन्हें एजेंट या बी-टीम बता रहे हैं। मेरा दृढ़ मत है, जो लालू प्रसाद यादव के मत का ही समर्थन है कि तवे पर रोटी एक तरफ ज्यादा समय तक रह जाए, तो जल जाती है, इसलिए रोटी को उलटते-पलटते रहना चाहिए। ऐसे में, एक नया दल, एक नया व्यक्ति आकर इस 20 साल से पड़े तवे पर एक रोटी को बदलने की कोशिश करे, तो क्या उसे किसी की साजिश बताकर खारिज कर देना प्रजातांत्रिक मूल्यों का संवर्द्धन माना जाना चाहिए? प्रशांत किशोर बेसिकली एक डेटाक्रेट हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव से लेकर जनसुराज के निर्माण के बीच, वे राजनीतिक दलों को चुनाव जिताने का ठेका लेते थे। एक हवा सी बनी देश में कि जिसके पास ज्यादा डेटा, वहीं चुनाव जीतेगा और पीके डेटा के मास्टर आदमी, तो नीतीश कुमार ने पहले उन्हें अपने चुनाव के लिए साथ लिया और बाद में अपनी पार्टी में शामिल कराया, लेकिन पीके महत्वाकांक्षी हैं और वे किसी राजनीतिक दल में किसी एक पद से संतोष कर लेने वाले नहीं दिखते। प्रशांत किशोर के लिए बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव में ठीक-ठाक सफलता पाना मुश्किल हो सकता है। बेहतर सफलता के फिलहाल दो ही उपाय उनके समक्ष दिख रहे हैं। पहला कि जिस रास्ते से उन्हें पहली जीत मिली है, उस रास्ते पर अपनी यात्रा की गति बढ़ाएं और दूसरा कि समय-समय पर अपनी टीम की ताकत भी परखते रहें, जांचते रहें और जरूरत पड़ने पर तवे पर पड़ी रोटी को उलटते-पुलटते रहें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित

दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

# गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित

प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया: राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुजी ने कहा: राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊंचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या नई बीमारी को मात दे पाएगा भारत?

मानव मेटान्यूमोवायरस एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए। पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियां सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढांचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है। - *सौरभ शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# ओहायो में अक्टूबर 'हिंदू विरासत माह' नामित

ओहायो के गवर्नर माइक डेविन ने अमेरिकी राज्य में अक्टूबर को 'हिंदू विरासत माह' के रूप में नामित करने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं। इस विधेयक पर बुधवार को डेविन ने राज्य के पूर्व सीनेटर नीरज अंतानी एवं कई अन्य सामुदायिक नेताओं की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। अंतानी पिछले वर्ष इस विधेयक के मुख्य प्रायोजक और प्रस्तावक थे। अंतानी ने कहा, 'मैं अक्टूबर महीने को ओहायो में 'हिंदू विरासत माह' के रूप में नामित करने संबंधी इस विधेयक पर हस्ताक्षर करने के लिए गवर्नर डेविन का बहुत आभारी हूं। गवर्नर डेविन का ओहायो में हिंदू समुदाय के साथ लंबे समय से घनिष्ठ संबंध रहा है और मैं उनके नेतृत्व के लिए आभारी हूं।' उन्होंने कहा, 'दो साल के लंबे काम के बाद इस बात से बेहद खुश हूं कि मैं अपने समुदाय के लिए यह उपलब्धि हासिल कर सका।' यह विधेयक अब आधिकारिक रूप से कानून बन गया है और 90 दिनों में लागू हो जाएगा। अक्टूबर 2025 ओहायो का पहला आधिकारिक 'हिंदू विरासत माह' होगा।



## ऑफ बीट

# जैतून के पत्ते का अर्क भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा



जैतून में कई स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भी होते हैं। अब जैतून के पत्तों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रमाण बढ़ रहे हैं जिनमें हाल में किए गए एक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य भी शामिल हैं। जैतून के पत्तों को पारंपरिक रूप से भूमध्य सागर क्षेत्र में चाय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और बुखार एवं मलेरिया के इलाज में यह चाय पी जाती है। जैतून की पत्तियों में 'ओलेयूरोपिन' नामक एक प्रकार का 'एंटीऑक्सीडेंट' उच्च मात्रा में पाया जाता है। जैतून और जैतून के तेल में भी यह पाया जाता है, लेकिन कम मात्रा में। आम तौर पर, पत्ती जितनी हरी होती है (कम पीली) उसमें उतना ही अधिक 'ओलेरोपिन' होता है। जैतून के पत्तों में अन्य 'एंटीऑक्सीडेंट' भी होते हैं जैसे 'हाइड्रॉक्सीटायरोसोल', 'ल्यूटोलिन', 'एपिजेनिन' और 'वर्बास्कोसाइड'। 'एंटीऑक्सीडेंट' शरीर में 'ऑक्सीडेटिव' तनाव को कम करते हैं। 'ऑक्सीडेटिव' तनाव हमारे डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड), कोशिका झिल्ली और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

## ट्रेंड

### सुविधाओं का निजीकरण



मैं हमेशा से कहता आया हूं कि ये बीजेपी के लोग दिल्ली की बिजली, स्कूल, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी सारी सुविधाओं का निजीकरण कर देंगे। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की अरबों रुपये की ज़मीनें ये अपने दोस्त को गिफ्ट कर देंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### मेरी हार्दिक संवेदना



तिरूपति में हुई भगदड़ अत्यंत दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह करता हूं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भारत-स्विस सहयोग



भारत-स्विस द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश संयुक्त रूप से जीवन विज्ञान, दवाओं, मानव स्वास्थ्य, आईटी, सामग्री विज्ञान, नैनोटेक्नोलॉजीज आदि में अनुसंधान परियोजनाओं को वित्त पोषित कर रहे हैं।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### दूसरों को ऊपर उठाएं



यह विडम्बना है कि जिन लोगों ने कुछ भी हासिल नहीं किया, वे उन लोगों की आलोचना करते हैं जो अथक परिश्रम करते हैं। वास्तविक शक्ति दूसरों को गिराने में नहीं, बल्कि उन्हें ऊपर उठाने में है।

- उर्वशी रौतेला, अभिनेत्री

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### टर्फ में पांच करोड़ हुए थे खर्च

लंबे समय से की गई मांग के बाद ही तत्कालीन सरकार ने राजनांदगांव में एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम की सौगात दी थी। 22 करोड़ रुपए की लागत वाले इस स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ लगाने के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। टर्फ तो लगा दिया गया, लेकिन उसे दुरुस्त रखने की व्यवस्था नहीं की गई, इसी का खामियाजा है कि आज टर्फ इतना खराब हो चुका है। अब टर्फ बदलने में भी करोड़ों रुपए की राशि खर्च होगी।

# हॉकी की नर्सरी नांदगांव में 22 करोड़ के एस्ट्रोटर्फ का ऐसा हाल...टर्फ फटा, मिट्टी में फिसल रहे खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

हरिभूमि खास

देशभर में संस्कारधानी राजनांदगांव को पहचान दिलाने वाली महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन इस साल संकट में पड़ गया है। 22 करोड़ की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ की देखरेख नहीं होने की वजह से मैदान में मिट्टी की परत जम गई है, टर्फ भी कई जगह फट चुके है। यहीं कारण है कि इस बार आयोजन समिति ने टर्फ की बजाए ▶▶|शेष पेज 2 पर



### नहीं लग पाई कुर्सियां

हॉकी की नर्सरी के रूप में पहचाने जाने वाले राजनांदगांव में प्रदेश का पहला एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम एक दशक पहले बनकर तैयार हुआ था। उस दौरान करीब 22 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। हालांकि स्टेडियम अब भी अधूरा पड़ा हुआ है।

स्टेडियम में दो तरफ दर्शकों के बैठक की व्यवस्था बनाई गई है। इसमें एक तरफ तो कुर्सियां लगा दी गई थी, लेकिन दूसरी ओर अब तक कुर्सियां नहीं लग पाई है। ऐसे में प्रतियोगिता के दौरान मैच देखने के लिए आने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

- खराब मैदान की वजह से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता संकट में
- टर्फ की बजाए मैच को घास के मैदान में कराने की तैयारी

### दम तोड़ रहा टर्फ

*शहर में खेली जाने वाली महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता देशभर में प्रख्यात है। यह प्रतियोगिता पिछले करीब एक दशक से गौरवपथ स्थित एस्ट्रोटर्फ मैदान में ही खेली जा रही है, लेकिन अब टर्फ दम तोड़ने लगा है। लगातार मॉनिटरिंग के साथ सफाई नहीं होने के कारण अब पूरा मैदान ही खराब हो चुका है। हालांकि प्रशासन हर बार अखिल भारतीय प्रतियोगिता से पहले जागता है और सफाई की व्यवस्था कराता है, लेकिन सालभर सफाई की व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है।*

### सफाई करने दिल्ली से आई थी टीम

जानकारी के अनुसार अंतराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में लगे एस्ट्रोटर्फ की सफाई करने के लिए पिछले डेढ़ साल पहले सितंबर-अक्टूबर महीने में दिल्ली से टीम आई थी। करीब एक पखवाड़े तक चले इस सफाई अभियान के दौरान पूरे मैदान की मशीन के जरिये सफाई की गई थी। उस समय बड़ी मात्रा में मिट्टी मैदान से निकाली गई थी। हालांकि उस दौरान सफाई करने आए कर्मचारियों ने भी यह माना था कि टर्फ की हालत खराब हो चुकी है। हर तीन महीने में सफाई करनी होती है, लेकिन तय अंतराल में सफाई नहीं होने से टर्फ बदलने योग्य हो गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### महाकुंभ में 'महाप्रसाद सेवा' चलाएगा अदाणी समूह



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह और इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) ने इस साल प्रयागराज में महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं को भोजन परोसने के लिए हाथ मिलाया है। 'महाप्रसाद सेवा' 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले की पूरी अवधि के दौरान की जाएगी।

### बस और ट्रक की टक्कर में चार श्रद्धालुओं की मौत

**रानीपेट।** तमिलनाडु के रानीपेट में बस की सब्जी से लदे ट्रक और एक अन्य भारी वाहन से हुई टक्कर में कम से कम चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मृतकों में अधिकांश कर्नाटक के कोलार के निवासी थे। चेन्नई के पास एक मंदिर में दर्शन करने के बाद कर्नाटक की रोडवेज बस से लौट रहे थे। इस दुर्घटना में करीब 30 लोग घायल हो गए हैं।

### जेईई-एडवांस्ड मामले पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के अभ्यर्थियों को दिए जाने वाले प्रयासों की संख्या तीन से घटाकर दो करने के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने की सहमति दे दी। यह याचिका जब न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष आई।

### कोलकाता रेप कांड में आरोपी के लिए मांगा मृत्युदंड

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में सीबीआई ने आरोपी संजय रॉय को मौत की सजा देने का अनुरोध किया है। सियालदह की सीबीआई अदालत इस मामले में अब 18 जनवरी को फैसला सुनाएंगे। कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई को मामले की जांच सौंपी गई थी।

# कुसुम प्लांट में बड़ा हादसा, दब गए कई मजदूर, एक की मौत, चार लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरगांव

मुंगेली जिले के सरगांव के पास रामबोड़ इलाके में स्थित कुसुम आयरन प्लांट में साइलो गिरने से मजदूर दब गए हैं। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि दो मजदूरों की जानकारी नहीं मिल रही है। साइलो में दबने से चार लोगों की मौत की खबर भी आ रही है। एक मजदूर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। प्लांट के अंदर राहत और बचाव कार्य चल रहा है। मलबे में दबे मजदूरों की संख्या को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

गुरुवार शाम सरगांव थाना क्षेत्र के रामबोड़ इलाके में बड़ा हादसा हुआ है। यहां पर कुसुम स्टील प्लांट में साइलो गिरने से कई मजदूर ▶▶|शेष पेज 2 पर



- सरगांव के रामबोड़ इलाके की घटना
- बढ़ भी सकता है मौत का आंकड़ा
- मौके पर पहुंचा जिला व पुलिस प्रशासन



### कठोर कार्रवाई होनी चाहिए



मुख्यमंत्री से मृतकों के पीड़ित परिजन को उचित मुआवजा देने और इस हादसे की जांच हेतु एसआईटी कमेटी गठित कर जिम्मेदार व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। यह हादसा अत्यंत हृदय विदारक है। घायल व्यक्तियों को उचित स्वास्थ्य व्यवस्था कराने का भी निर्देश दिया है।
- **धरमलाल कौशिक**, क्षेत्रीय विधायक

### सीएम साय ने दिए राहत बचाव के निर्देश



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट किया, उन्होंने लिखा, मुंगेली जिले के रामबोड़ गांव स्थित स्मेल्टर्स प्लांट में औद्योगिक दुर्घटना का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। घटनास्थल पर राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसकी सतत निगरानी भी की जा रही है। ईश्वर से मलबे में दबे मजदूरों के सकुशल होने एवं घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

**दो मजदूर मिसिंग:** प्लांट में काम करने वाले दो मजदूर मिसिंग हैं। उनकी जानकारी जुटाई जा रही है। हो सकता है कि दो मजदूर सैलो के नीचे दबे हों। - **पीवी प्रसाद,** प्लांट मैनेजर

**चल रहा है रेस्क्यू:** गुरुवार की दोपहर 1.30 बजे मजदूरों की छुट्टी का समय था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में एक मजदूर घायल है, उसे इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है। अभी रेस्क्यू चल रहा है। रेस्क्यू के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। - **नवनीत कौर,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुंगेली

# ससुराल पर युवक ने लगाए गंभीर आरोप, वीडियो बनाकर की खुदकुशी

- बेंगलुरु इंजीनियर की तर्ज पर एक और मौत का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**रायपुर का मामला**

बेंगलुरु एआई इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस की तर्ज पर गुढ़ियारी में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी करने के पूर्व मृतक ने एक वीडियो जारी कर अपनी पत्नी तथा ससुराल वालों के खिलाफ प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।

मृतक एक निजी उद्योग में सुपरवाइजर के पद पर काम करता था। वह रूप से मध्यप्रदेश, रींवा का रहने वाला था। उसने खुदकुशी करने के पूर्व अपनी पत्नी के किसी दूसरे के साथ संबंध के आरोप भी लगाए हैं। खुदकुशी करने वाले युवक का नाम उदय राज मिश्र है। उदय राज सिद्धार्थ नगर में किराए के मकान ▶▶|शेष पेज 2 पर

### वायरल वीडियो में यह कहा है

उदय ने खुदकुशी करने के पूर्व रोते हुए जो वीडियो बनाया है, उसमें उसने खुदकुशी करने के पूर्व अपने माता-पिता से माफी मांगते हुए कहा है कि मम्मी पापा मुझे माफ कर दो। मैं, अपनी पत्नी, साली, सास ससुर तथा साले से बहुत परेशान था। मेरी पत्नी किसी दूसरे के साथ फंसी थी। जब, मैं इन लोगों को बोलता था, तो ये लोग मुझे जान से मारने की धमकी देते थे। मेरे बच्चों को जान से मारने की धमकी देते ▶▶|शेष पेज 2 पर

# गणतंत्र दिवस परेड के लिए सरपंच-कारीगर समेत 10 हजार विशेष अतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पैरालंपिक दल के सदस्य, उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले गांवों के सरपंच, हथकरघा कारीगर और वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ता उन लगभग 10,000 विशेष अतिथियों में शामिल हैं, जिन्हें यहां कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस की परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

- कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस समारोह

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'स्वर्णिम भारत' के इन वास्तुकारों में विविध पृष्ठभूमि के लोग हैं, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले और सरकार की योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने वाले लोग शामिल हैं।

### 21 से 29 तक बंद रहेगा राष्ट्रपति भवन

आगामी गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा। सर्किट 1 आगंतुकों को राष्ट्रपति भवन की मुख्य इमारत का भ्रमण कराता है, तथा उन्हें भवन के अग्रभाग, प्रमुख कक्षों और लंबे ड्राइंग रूम आदि दिखाता है। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित होने वाला 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह एक सैन्य परंपरा है।

# तिरुपति भगदड़ मामले में डीएसपी समेत दो अफसर सस्पेंड, जांच के आदेश



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को कहा कि वह तिरुपति में भगदड़ की घटना की न्यायिक जांच का आदेश देंगे, जिसमें छह लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक सहित तीन वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया गया है। नायडू ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने लापरवाही के लिए एक डीएसपी सहित दो अधिकारियों को निलंबित करने का भी आदेश दिया है।

- सीएम चंद्रबाबू ने घटना स्थल का किया दौरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने तिरुपति में प्रशासन और निगरानी तंत्र में कुछ कमियां पायी हैं।

### घायलों से मिले सीएम

इससे पहले, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू तिरुपति में भगदड़ में घायल लोगों का हालचाल जानने के लिए उस अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एसवीआईएमएस (श्री वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) पहुंचकर भगदड़ में घायल श्रद्धालुओं को सांत्वना दी। बयान के मुताबिक, एसवीआईएमएस में मुख्यमंत्री ने घायल श्रद्धालुओं के साथ 90 मिनट बिताए।




### महीने भर चलेगी संत वाल योगेश्वर दास की 42वीं अनुष्ठानिक यात्रा

# महाकुंभ में शहीदों के लिए होगा अनूठा यज्ञ

सैय्यद मो.आमिर ▶▶| प्रयागराज

हरिभूमि खास

शहीदों को समर्पित विश्व का सबसे अनूठा यज्ञ महाकुंभ प्रयागराज में होगा। इस यज्ञ में 700 शहीदों के परिजन शामिल होंगे। यह काम संत वाल योगेश्वर दास कर रहे हैं। वह देश के अमर शहीदों के प्रति समर्पण की अद्वितीय मिसाल पेश करते हुए पिछले 21 वर्षों में देश के वीर सपूतों की आत्मा की शांति और श्रद्धांजलि के लिए 41 यज्ञ करा चुके हैं। उनकी यह परंपरा अब 42वें यज्ञ के साथ एक नए अध्याय ▶▶|शेष पेज 2 पर

### आध्यात्मिकता और राष्ट्रभक्ति का संगम

संत वाल योगेश्वर दास का जीवन न केवल आध्यात्मिकता का प्रतीक है, बल्कि इसमें राष्ट्रभक्ति भी गहराई से समाहित है। उनके पिता और भाई सेना में थे, और उनका यह समर्पण शहीदों के प्रति उनकी आस्था को दर्शाता है।



**संत की प्रेरक जीवन यात्रा:** संत वाल योगेश्वर दास का जीवन असाधारण रहा है। बचपन में सेना में जाने की पारिवारिक इच्छा के विपरीत, आठ वर्ष की उम्र में वह वैष्णो देवी यात्रा के दौरान संतों के संग चले गए। उन्होंने रासायनी गुफा में ढाई वर्ष बिताए और फिर ब्रह्मर्षि दूधाधारी महाराज से संन्यास की दीक्षा ली। उनके गुरु के देहावसान के बाद उन्होंने बदरीनाथ को अपना ठिकाना बनाया और अवधूत परमानंद महाराज से क्रिया योग की दीक्षा प्राप्त की।

### शहीदों के प्रति संकल्प की कहानी

2003 की बात है, जब संत वाल योगेश्वर दास करीब 27 वर्षों बाद अपने पैतृक घर जम्मू पहुंचे। वहां उन्होंने तवी नदी के किनारे अति विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया। इस यज्ञ में करगिल युद्ध के शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा और मेजर अजय सिंह जसरोटिया के माता-पिता भी शामिल हुए। बातचीत के दौरान शहीदों के माता-पिता की पीड़ा देखकर संत का हृदय द्रवित हो उठा। उस क्षण उन्होंने प्रतिज्ञा ली कि भविष्य में उनके द्वारा किए जाने वाले सभी यज्ञ अमर शहीदों को समर्पित होंगे।

## जैकेट के शेष

### जल जीवन की टंकियों में 'सूखा' काम ...

काल और निविदा में गड़बड़ी के कारण इसका कार्य 2021 में ही शुरू हो पाया। मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को दिसम्बर-2024 तक पूर्ण किया जाना था यानी अवधि समाप्त हो चुकी है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में मिशन की शुरुआत से अब तक करीब 40 लाख

15 हजार नए घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं। इनमें 4209 ऐसे गांव हैं, जहां के शत-प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंच रहा है। इधर, मैदानी हकीकत कुछ और कहानी बयां कर रही है। हरिभूमि ने प्रदेश के जगदलपुर, भिलाई, दुर्ग, निकुम और अन्य इलाकों का जायजा लिया, तो यह बात सामने आई कि भिलाई में जल जीवन मिशन का बुरा हाल है। 6 साल पहले स्वीकृत इस योजना में अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है। यहां अब भी करीब 30 प्रतिशत से ज्यादा काम शेष है। योजना के अंतर्गत एकल और समूह में 240 करोड़ रुपए की लागत से 305 गांवों तक पानी पहुंचाया जाना था। योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का काम लगभग पूरा किया जा चुका है, नल कनेक्शन भी दिए जा चुके हैं, लेकिन इंटकवेल और ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का काम नहीं हो पाया है। इस वजह से इन गांवों तक अब भी पानी नहीं पहुंच पाया है। योजना के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 1,46,500 घरों तक साफ पानी पहुंचाया जाना है। इनमें 7 समूहों में 139 गांवों में 70,498 कनेक्शन दिए जाने हैं। बाकी जगहों पर एकल समूह में सप्लाई की योजना है। दुर्ग विकासखंड के 15 ग्रामों में, धमधा के 82 ग्रामों में और पाटन विकासखण्ड के 69 ग्रामों में एकल ग्राम योजना प्रस्तावित है। समय-समय पर योजना में बदलाव भी किया गया, जिन जगहों पर पर्याप्त भू-गर्भीय जल उपलब्ध नहीं है और जल स्तर नीचे जाने की समस्या है। उन ग्रामों के समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। काम की लेटलतीफी और ठेकेदारों को लगातार काम छोड़ने से योजना लगातार पिछड़ते जा रही है।

**योजना की केंद्र ने की समीक्षा:** जल जीवन मिशन के संचालक सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि राज्य में जन जीवन मिशन का कार्य 31 दिसंबर 2024 तक पूरा किया जाना था। राज्य में अब तक 70 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं। शेष कार्यों को पूरा करने के संबंध में केंद्र सरकार ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से राज्य में योजना की समीक्षा की है। समीक्षा के बाद राज्य सरकार की ओर से समयावधि को और बढ़ाने की मांग रखी गई है। केंद्र की अनुमति मिलने के बाद आगे का कार्य किया जाएगा।

**6 ठेकेदार हो चुके ब्लैक लिस्टेड, काम ही शुरू नहीं किया:** दुर्ग जिले में तीन साल पहले जल जीवन मिशन अंतर्गत दी गई समय सीमा पर काम शुरू नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। ठेकेदारों के खिलाफ अनुबंध निरस्त करने सहित उनकी जमानत राशि राजसात करने और उन्हें आगामी निविदा में भाग लेने से अपात्र किए जाने का आदेश जारी किया था। कार्य में रूचि न लेने और काम की धीमी रफ्तार के लिए 20 एजेन्सियों को अल्टीमेटम जारी किया गया है। दो एजेन्सी मेसर्स राम ट्रेडर्स एंड इन्वेस्टर्स दुर्ग मेसर्स गगन ट्रेडर्स बेमेतरा) का अनुबंध निरस्त किया गया है। दोनों को ब्लैकलिस्ट कर भविष्य में जल जीवन मिशन के कार्यों में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित किया गया है। कार्यपालन यंत्री उत्कर्ष पाण्डेय से मिली जानकारी अनुसार समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों में रूचि न लेने वाली 5 एजेन्सियों को नोटिस जारी किया गया है। उन पर अर्थदंड भी लगाया जा रहा है।

**लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों पर हो रही कार्रवाई:** लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों पर कार्रवाई की जा रही है। निमार्ण कार्य तेजी से चल रहा है, 6 महीने में कार्य पूर्ण होने पर निकुम जलप्रदाय योजना से गांव-गांव में पानी सप्लाई शुरू हो जाएगी। शेष परियोजनाओं में भी तेजी से काम चल रहा है।

-उत्कर्ष पांडेय, प्रभारी ईई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग दुर्ग

आलबरस में भ्रष्टाचार, पहले से टंकी, एक और बना दी: आलबरस में पानी सप्लाई के लिए पहले से पानी की टंकी बनी हुई है, इसके बाद एक और टंकी बना दी गई है, जबकि गांव में पुराने सिस्टम से पहले ही पानी की सप्लाई हो रही है। खास बात यह है कि जिस जगह पर पुरानी पानी की टंकी है, उसके बाजू में ही दूसरी नई टंकी बनाई गई है। इसी प्रकार जेवरा-सिरसा में भी पानी टंकी बनाई गई है, जिसमें कहीं कोई कनेक्शन नहीं दिया गया है। दोनों ही जगहों पर सिर्फ पानी की टंकी बनाकर छोड़ दिया गया है। इतना ही नहीं चंदखुरी के आसपास जिन जगहों पर पानी की पाइपलाइन बिछी है, उसके पास से उतई जल प्रदाय और बीएसपी को पानी सप्लाई के लिए पाइप बिछाए जा रहे हैं। इस वजह से पुरानी बिछी पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा है। इसकी कहीं कोई मॉनिटरिंग नहीं हो रही।

गांव-गांव में बनी पानी की टंकियां शो-पीस: निकुम में 26.29 करोड़ की लागत से जल प्रदाय योजना अंतगर्त 13 गांवों में हर घर जल पहुंचाया जाना है। पेयजल संकट को लेकर ग्रामीण पूर्व मंत्री तम्रध्वज साहू से गुहार भी लगा चुके हैं। 13 गांव में अंजोरा, थनौद , रुदा, खाड़ा, भोथली, तिरगा, आलबरस, चंगोरी, चिंगरी, आमटी, विनायकपुर, मासाभाट शामिल हैं। चंगोरी इंटकवेल सिस्टम अधूरा है। बिरेझर में पानी फिल्टर करने के लिए ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बन पाया है। निकुम बस स्टैंड के पास 25 साल पहले बनी पानी टंकी जर्जर हो चुकी है।

### सितंबर 2023 में पूरे होने वाले 7 बड़े ...

- अमलेश्वर समूह जलप्रदाय- 17 गांव में 22.80 करोड़ से 9259 घरों में नल कनेक्शन देना था।

- कौही समूह जलप्रदाय- 14 गांव ममें 20.04 करोड़ से 6053 घरों में पानी पहुंचाया जाना था।

### जिले के 385 गांव में सिर्फ सत्तर का ही ...

2018-19 में किया गया था, जिसे वर्ष 2023 में पूरा करना था। लेकिन यह अब तक पूरा नही हुआ हैं। जिले में पाइप लाइन विस्तार का कार्य पूरा कर लिया गया हैं। वही राज्य शासन द्वारा मिशन का कार्य ग्राम पंचायतों को समिति बनाकर हैंडओवर किए जाने के निर्देश दिए गए है। जिले में मिशन के तहत 385 गांव शामिल है। इसमें 281 गांव टंकी का निर्माण करना था। जिसमें अभी भी करीब 80 टंकी का निर्माण पूरा नही किया गया है।

**मापदंड अनुरूप निर्माण नहीं** : से योजना पूरी तरह से फेल हो गई। कहीं टंकी अधूरी तो कही बिजली नहीं: शहर में आगामी 50 वर्षों तक लोगों को पेयजल संकट से मुक्ति पाने 24 घण्टे पर्याप्त जलापूर्ति के लिए अमृत मिशन योजना लाई गई। इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के जरिये प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 300 लीटर पानी पहुंचाने की योजना है। बस्तर में योजना से जुड़े नोडल एजेंसी पीएचई विभाग की लापरवाही के चलते जलजीवन मिशन योजना में कहीं टंकी अधूरी है तो कहीं बिजली व्यवस्था नहीं है। ऐसे में लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया और योजना बन्द हो गया।

### राष्ट्रपति ने मौत की सजा को 60 साल ...

25 साल जेल की सजा काटने के बाद अब पता चला है कि अपराध के समय हत्यारा नाबालिग था, उसकी उम्र सिर्फ 14 साल थी। जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के मुताबिक, उसे अधिकतम तीन साल की सजा ही हो सकती थी।

15 नवंबर 1994 को देहरादून में सेना के एक पूर्व अधिकारी और उनके परिवार के 2 सदस्यों की हत्या हुई थी। इस केस में उनका नौकर ओम प्रकाश हर अदालत में दोषी साबित हुआ। वारदात की जघन्यता को देखते हुए हर कोर्ट ने उसे फांसी की सजा दी। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी उसकी रिव्यू और क्यूरेटिव याचिका खारिज की थी। आखिरकार उसे 2012 में राहत मिली। वह भी बस इतनी कि राष्ट्रपति ने उसकी दया याचिका पर आदेश देते हुए सजा को 60 साल की कैद में बदल दिया। सुप्रीम कोर्ट आने से पहले ओम प्रकाश की तरफ से उत्तराखंड हाई कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई थी। उस याचिका में हड्डी की जांच रिपोर्ट समेत दूसरे सबूतों से उसने खुद को घटना के समय नाबालिग बताया था, लेकिन हाईकोर्ट ने कहा था कि राष्ट्रपति के स्तर तक से मामले का निपटारा होने के बाद अब उसे दोबारा नहीं खोला जाएगा। सुप्रीम कोर्ट इससे सहमत नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मुकदमे के किसी भी स्तर पर अगर आरोपी के नाबालिग होने के सबूत मिलते हैं, तो कोर्ट को उसके मुताबिक कानूनी प्रक्रिया अपनानी चाहिए।

कम शिक्षित होने से नहीं मिली कानूनी मदद : इस जानकारी के सामने आने के बाद दिए फैसले में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एम एम सुंदरेश और अरविंद कुमार ने माना है कि ओम प्रकाश के साथ बहुत गलत हुआ। ज्युवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत उसे अधिकतम 3 साल सुधार गृह में रखने की सजा मिल सकती थी। इसके बाद वह समाज में शामिल होकर सामान्य जीवन बिता सकता था, लेकिन उसका कम शिक्षित होना और सही कानूनी मदद न मिल पाना इसमें बाधक बन गया। उसने 25 साल जेल बिता दिए। इसमें भी 11 साल ऐसे थे, जिसमें वह फांसी की सजा का इंतजार कर रहा था।

सुप्रीम कोर्ट ने सुधारी गलती : उसके सबूत को नजरअंदाज कर दिया गया। उसे अदालतों की इस गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा। वह जुवेनाइल होने के नाते अधिकतम तीन साल की सजा काटने के बाद समाज में सामान्य जीवन बिता सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। उसका जो वक्त बर्बाद हुआ, उसकी भरपाई नहीं की जा सकती है।

### सुकमा के कोर इलाके में मार ...

माओवादियों को मार गिराया गया। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि सुकमा से 8 जनवरी को डीआरजी, एसटीएफ एवं कोबरा की संयुक्त पाटी पीएलजीए संगठन व दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी के शीर्ष माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुकमा एवं बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र पालीगुड़ा एवं गुंडराजगुडेम क्षेत्र में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान गुरूवार सुबह 10 बजे नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया, जिसका जवानों ने बहादुरी से जवाब देते हुए जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से रूक रुककर 1 घंटे से अधिक समय तक फायरिंग होती रही। इस बीच जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का आड़ लेकर भागने में सफल रहे। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में 3 हार्डकोर पुरुष माओवादियों का शव व भारी मात्रा में हथियार, बीजीएल लांचर, विस्फोटक पदार्थ व नक्सल सामाग्री बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों द्वारा इलाके में लगातार सर्चिंग की जा रही है।

### 25 जनवरी तक ....

के लिए मतदान 15- 16 फरवरी, पंचायत चुनाव के लिए मतदान 17 और 18 फरवरी को होने के संकेत मिले हैं। ऐसा हुआ तो 20 फरवरी को मतगणना संभव है। ठाकरे परिसर में गुरुवार को सबसे पहले कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें कोर कमेटी के सदस्यों के साथ पहली बार प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों और प्रदेश संगठन के महामंत्रियों को भी बुलाया गया। कोर कमेटी में तय किया गया कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर क्या-क्या करना है। इसमें चुनाव का पूरा खाका रखा गया साथ ही क्या-क्या कमेटियां बनानी हैं, इस पर भी मंथन किया गया। बैठक में तय किया गया 25 जनवरी तक भाजपा के सारे प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएंगे। नगरीय निकाय की घोषणा पत्र समिति में अनुराग सिंहदेव और पंकज झा को रखा गया। ऐसी खबर आ रही है कि मंथन में फरवरी के दूसरे पखवाड़े में चुनाव संपन्न कराने की बात सामने आई हैं। प्रत्याशियों के ऐलान की समय अवधि को देखते हुए भी इसके संकेत मिल रहे हैं।

### गाजा में आईडीएफ का कहर, हवाई हमले में मारे गए 50 लोग

**तेलअवीव।** सीजफायर को लेकर चल रही बातचीत के बीच इजरायली सेना का गाजा में भीषण हमला जारी है। बीते 24 घंटे में आईडीएफ के हमले में करीब 50 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। खान यूनिस पर हुए ताजा हवाई हमले में 17 लोग मारे गए, जिनमें 8 बच्चे शामिल हैं।


**न्यायालय-जिला न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) धमतरी (छ.ग.)**

प्रोसेस क्रमांक 735/04
सिविल अपील क्रमांक 18/2024
पेशी दिनांक 27/01/2025

नंदकिशोर उर्फ नंदू ........अपीलार्थी
विरूद्ध
पवनरेखा व अन्य .......उत्तरार्थीगण

श्रीमती प्रमिला, पिता स्व. चंदूराम, उम्र 55 वर्ष, निवासी-सुभाष नगर वार्ड, खम्हन बाड़ी धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)

अपीलार्थीगण द्वारा न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा व्यवहार वाद क्रमांक 21अ/2016, पवनरेखा विरूद्ध सुगिया बाई वगैरह अन्य में पारित निर्णय दिनांक 13/02/2024 से क्षुब्ध होकर इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया गया है, जिसमें आप उत्तरवादी क्रमांक 06 हैं जिसकी पेशी इस न्यायालय में दिनांक 27/01/2025 को नियत है। उक्त पेशी दिनांक को ठीक समय 11:00 बजे अपील प्रकरण में उपसंजात होने के लिए समंस किया जाता है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि नियत श्रवण तिथि को आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण कर दिया जायेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 27/01/2025 को अवकाश घोषित किया जाता है, तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवायी की जावेगी।

आज दिनांक 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

(श्रीमती उषा गेंदले)
जिला न्यायाधीश (एफ.टी.सी.)
धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)


## पेज एक के शेष

### हॉकी की नर्सरी...

घास के मैदान में प्रतियोगिता का आयोजन करने के संकेत दिए है। पिछले आठ दशक से शहर में खेली जाने वाली महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। जिसमें देशभर की टीमें शामिल होंगी। इन टीमों में कई नामचीन और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी आएंगे, परंतु यदि मैदान में परिवर्तन नहीं किया गया तो इन नामचीन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के खराब मैदान में खेलने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। करीब एक दशक पहले बने एस्ट्रोटर्फ अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि मैदान में लगा एस्ट्रोटर्फ कई जगहों से फट गया है। पूरे मैदान में टर्फ की हालत खराब हो चुकी है। करीब साल भर पहले इसकी सफाई कराई गई थी, लेकिन फिर भी उसमें से मिट्टी पूरी तरह से नहीं निकाली जा सकी है। इस साल मैदान की हालत और अधिक खराब हो चुकी है।

### कुसुम प्लांट में...

दब गए। इनमें से 4 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद मौके से एक मजदूर दगोरी निवासी मनोज कुमार कश्यप पिता चिनाराम को मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। राहत और बचाव कार्य चल रहा है और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। हादसा मुंगेली जिले में बिलासपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे रामबोड़ गांव की है। यहां पर कुसुम स्टील प्लांट का काम चल रहा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार प्लांट में रखे भारी साइलो (सामान भंडारण टैंक) के अचानक गिर जाने से वहां काम कर रहे कर्मचारी इसकी चपेट में आ गए। मजदूर इसी के मलबे के नीचे दब गए। यह देख प्लांट में काम कर रहे अन्य कर्मचारी चीख-पुकार मचाने लगी। प्लांट के अंदर अफरा तफरी मच गई। आनन-फानन में हादसे की सूचना पुलिस और प्रशासन को दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब मजदूर फैक्ट्री परिसर में काम कर रहे थे। साइलो गिरने की आवाज सुनकर वहां अफरा-तफरी मच गई, हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और फैक्ट्री कर्मचारी राहत कार्य में जुट गए हैं, हालांकि, मलबे में दबे मजदूरों की संख्या को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

**रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू** : घटना की सूचना मिलते ही सरगांव थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर जिले के आला अधिकारी भी पहुंच गए।

**प्रशासन जांच में जुटा** : हादसे में कितने मजदूरों की मौत हुई है प्रशासन ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रशासन ने फैक्ट्री प्रबंधन से पूछताछ शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। मजदूरों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उनकी हालत जानने के लिए परेशान दिखे।

**उद्योग मंत्री ने जताया दुःख** : उद्योग एवं श्रम मंत्री तथा मुंगेली जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने कुसुम प्लांट में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने इस हादसे में घायल श्रमिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। श्री देवांगन ने घायल श्रमिकों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं।

### ससुराल पर युवक ने...

में अकेले ही रहता था। पत्नी और बच्चे उदय के ससुराल में रहते हैं। खुदकुशी करने की घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मकान मालिक ने उदय को फांसी के फंदे पर लटकते देखा। इसके बाद मकान मालिक अन्य लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ कर कमरे के अंदर दाखिल हुआ और उदय को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर गया, जहां चिकित्सकों ने उदय को मृत घोषित कर दिया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने उदय के खुदकुशी करने की आशंका व्यक्त की है।

### वायरल वीडियो में...

थे। मैं, अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहा हूं। थाना प्रभारी साहब से विशेष अनुरोध है, मेरे दोनों बच्चों को मेरे माता-पिता को सौंप दिया जाए। उनके नाना-नानी को न दिया जाए, उनके जीवन को खतरा है, उनके भविष्य को खतरा है। यह लोग मुझे बहुत डराए और धमकाए हैं। मेरे दोनों भाइयों के लिए संदेश है कि माता-पिता भगवान हैं। माता-पिता को कभी दुख मत देना। उनकी बहुत सेवा करना। मेरा थाना प्रभारी महोदय से अनुरोध है कि मेरी पत्नी, साली, सास, ससुर और साले आशीष को बिल्कुल मत छोड़ना। इन सभी ने मुझे बहुत टॉर्चर किया है।

### महाकुंभ में शहीदों...

में प्रवेश कर रही है। आयोजन में रक्षा मंत्री और सेना प्रमुख के भी शामिल होने की उम्मीद है। प्रयागराज के महाकुंभ क्षेत्र में 12 जनवरी से प्रारंभ होने वाला यह यज्ञ 12 फरवरी तक चलेगा। इस विशेष आयोजन में लगभग 700 शहीदों के परिवारों को आमंत्रित किया गया है। जिनमें से कई परिवारों ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि कर दी है। परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव भी इस अनुष्ठान का हिस्सा बनने जा रहे हैं। आयोजन की जिम्मेदारी नर नारायण सेवा आश्रम ट्रस्ट ने संभाली है, जिसके मुखिया स्वयं संत वाल योगेश्वर दास हैं।

**अनूठा आयोजन** : मध्यप्रदेश के आचार्य मृदुल विहारी, जो पिछले 30 वर्षों से यज्ञ के मुख्य आचार्य रहे हैं, बताते हैं कि यह आयोजन अद्वितीय है। इसमें न केवल शहीदों की आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान किया जाता है, बल्कि उनके बलिदान को भी याद किया जाता है। संत वाल योगेश्वर दास का यह यज्ञ शहीदों की अमर गाथा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास है। यह न केवल शहीदों के परिवारों को सम्मान देने का एक अवसर है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि अपने नायकों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाना चाहिए।

**एक साथ 100 कुंडों में आहुतियां** : प्रयागराज में आयोजित इस कार्यक्रम में एक साथ 100 कुंडों में आहुतियां दी जाएंगी। शहीदों के परिवारों को प्रयागराज तक लाने, ठहरने और भोजन की व्यवस्था ट्रस्ट करेगा। उन शहीदों के लिए, जिनके परिवार उपस्थित नहीं हो पाएंगे, संत स्वयं आहुति डालेंगे।

## संभल प्रशासन की शिकायत लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी

**नई दिल्ली।** संभल जिला प्रशासन के खिलाफ शाही जामा मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कमेटी ने अपनी याचिका में मस्जिद की सीढ़ियों और प्रवेश द्वार के पास स्थित निजी कुएं के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने के लिए आदेश देने की गुहार लगाई है। शाही जामा मस्जिद कमेटी ने अपनी याचिका में मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना इस संबंध में कोई कार्रवाई या कदम न उठाया जाए। साथ ही संभल जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश देने की मांग करते हुए कहा कि प्रशासन शांति और सौहार्द स्थापित करने के लिए समुचित कदम उठाए।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 52/न.पा.नि./जोन क्र. 04/2024-25 दिनांक 09/01/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 29.01.2025 को सायं काल 5:00 बजे तक ऑनलाईन(Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 164088 | वार्ड क्र. 29 संजय गांधी नगर व्यापार विहार में स्थित त्रिवेणी भवन का मरम्मत कार्य। | 39.73 | 29/01/2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
जोन क्र. 04 नगर पालिक निगम
बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City



**C.G. Rajya Beej Evam Krishi Vikas Nigam Ltd.**
Head Office, Sardar Vallabh Bhai Patel Bhavan, Sector - 24, Kayabandha Marg, Nava Raipur, Atal Nagar (C.G.)
Phone No.- 0771-4212203/15/12/24 Website http://agriportal.cg.nic.in/beejnig

**रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.)**

S.NO./HO./BKVN/RCO/CC Limit /2024-25/9494/95 Date-08/01/2025

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा बीज प्रमाणीकरण संस्था के माध्यम से पंजीकृत बीज उत्पादक कृषकों द्वारा उत्पादित धान बीज के उपार्जन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड की कार्यशील पूंजी की आवश्यकता की पूर्ति हेतु (खरीफ बीज उपार्जन) राशि रू. 100.00 करोड. (अक्षरी- सौ करोड. मात्र ) की साख- सीमा सुविधा के प्रस्ताव भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीयकृत बैंक, शेड्यूल्ड बैंक, प्रायवेट सेक्टर बैंक, अन्य कामर्शियल बैंक तथा वित्तीय संस्थाओं से रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) सीलबंद लिफाफा में प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, नवा रायपुर अटल नगर छ.ग. के नाम से दिनांक 09.01.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 28.01.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक बीज निगम, मुख्यालय, सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में आमंत्रित किये जाते है । प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 28.01.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे खोला जावेगा। विस्तृत विवरण निगम की वेबसाइट https://agriportal.cg.nic.in/beejnigam/BeejHi / में उपलब्ध है ।

S-42723/1 प्रबंध संचालक



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पुनासी स्पीलवे प्रमंडल, पुनासी शिविर-देवघर**

**ई0-निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)**
**ई-निविदा सूचना संख्या - WRD/PSD DEOGHAR /SBD-IFB-01/24-25 (3rd Call)**
**Dt : 08.01.2025**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन / बीड सिक्यूरीटी की राशि (1%) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 200M Long High Level RCC Bridge with approach road across Punasi Spill Channel | Rs. 12,29,04,053.69 (Rupees Twelve Crores Twenty Nine Lakhs Four Thousands Fifty Three and Sixty Nine Paise) only | रू0 12,29,500.00 | रू0 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि-13.01.2025
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय-दिनांक 13.01.2025 अपराहन् 2:00 बजे से दिनांक 05.02.2025 अपराहन् 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने का स्थान-ई0 प्रोक्योरमेंट सेल, मुख्य अभियंता कार्यालय, जल संसाधन विभाग, देवघर।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 07.02.2025 अपराह्न 3:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, पुनासी स्पीलवे प्रमंडल, पुनासी शिविर-देवघर।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०-7903571041 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. प्राक्कलन की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पुनासी स्पीलवे प्रमंडल पुनासी, शिविर-देवघर।

PR.NO.343871 Water Resource(24-25):D



**राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.)**
पुजारी पार्क के पास, पुलिस लाईन कैम्पस टिकरापारा, रायपुर
टेलीफोन नं. 0771-3501122, फैक्स नं. 0771-3501121, ईमेल dir.sfslcg@gmail.com

क्रमांक / रा.न्या.वि.प्र. / राय. / निविदा / M- 110/2025 दिनांक 08/01/2025

**Tender**

राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.) के डी.एन.ए. शाखा हेतु Chemical, Kits, Miscellaneous का क्रय किया जाना है, जिसके लिए रेट काट्रेक्ट करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है:-

निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 11.01.2025
निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि - दिनांक 08.02.2025 सायं 2:00 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 10.02.2025 दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 10.02.2025 सायं 04:00 बजे

| S. No. | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 01 | Chemical, Kits, Miscellaneous |

विस्तृत विवरण कार्यालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला टिकरापारा, पुजारी पार्क के पास रायपुर (छ.ग.) पिन कोड - 492001, दूरभाष (कार्यालय) 0771-3501122 कार्यालय के वेबसाईट www.fsl.cg.nic.in से आनलाईन आवेदन का विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है। निविदा फार्म संचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर के नाम किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट रू. 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) का बनवाकर प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है।

(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

हेतु - संचालक
राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला
रायपुर (छ.ग )

G-242505214/1



**Office of the District Education Officer, Dhanbad**

**Notice Inviting Tender**
**RFP FOR**

**Selection of Agency for Rate Contract to "Developing GOVERNMENT RESIDENTIAL SCHOOLS /EKLAVYA Model RESIDENTIAL SCHOOLS/KASTURBA GANDHI BALIKA VIDHYALAYA across Dhanbad" Under District Mineral Fund, Office of the District Education Officer, Dhanbad, Govt. of Jharkhand**

**RFP No: SSA-08** **Opening date: 09/01/2025**
**Issue Date: 09/01/2025** **Closing date: 30/01/2025**

District Education Officer, Dhanbad Govt. of Jharkhand intends for Rate Contract to Develop GOVERNMENT EKLAVYA Model RESIDENTIAL SCHOOLS/KASTURBA GANDHI BALIKA VIDHYALAYA across Dhanbad. The Line department intends to select reputed agencies to participate in the biding process. The main purpose of procurement of these items is to develop GOVERNMENT EKLAVYA Model RESIDENTIAL SCHOOLS/ KASTURBA GANDHI BALIKA VIDHYALAYA and the use of which would enhance the interest as well as comfort level of the students.

The items supplied should be non-toxic, lead and arsenic free, chemical free and safe for the students for use. The Bid document can be downloaded from the website (https://dhanbad.nic.in) and the responses for this Request for Proposal (RFP) shall be deemed to have done after careful study and examination of this document and full understanding of its modalities, process of execution and items to be delivered. The bids are to be submitted uploaded hard copy by hand or by post (Registered / Speed) or by courier on or before the closing date in the address mentioned in the document. Technical bids submitted by the bidder will be opened in the presence of the Tender committee member. Detailed information regarding important dates, address for submission of bid, Material Supply List (MSL), Total Bill of Material (BOM), Quantity, Delivery Location and other requisite is available in the information Factsheet of this Bid Document.

District Education Officer,
Dhanbad

PR 343916 School Education and Literacy (24-25)_D


## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला:** मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर:** क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ:** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5743



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 5742 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | | ज | | अ | प | रा | ध |
| | ल | | म | | ना | वि | क | | ल | ड़ |
| ह | | | ज | ल | न | | ल | | | क |
| म | क | स | द | | खा | ना | | थ | का | न |
| रा | | ब | | म | न | | ध्व | | लि | |
| ज | प | क | र | ना | | रा | ज | कु | मा | र |
| | ह | | वा | | या | त्री | | ली | | वा |
| क | रा | र | | न | न | | अ | न | ब | न |
| म | | | ज | | चा | क | र | | | गी |
| सि | ला | | ह | म | ल | | दा | | सां | |
| न | क | सी | र | | क | | स | दा | चा | र |

## सूडोकु नवताल- 5754

★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | 7 | |
| 2 | | | 5 | | 1 | 8 | | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | | 8 | | | | 1 |

सूडोकु नवताल- 5753 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 6 | 5 | 2 |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# पुराने दिन आते हैं याद

एनिमल से लेकर भूल भुलैया 3, बैड न्यूज और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो तक, तृप्ति डिमरी कई दिलचस्प फिल्मों का हिस्सा बन चुकी हैं। कई प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। मगर, तृप्ति की चर्चा उनके अभिनय और फिल्मों के लिए कम, निजी जिंदगी को लेकर ज्यादा होती है।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उनका नाम मॉडल-बिजनेसमैन सैम मर्चेंट से जोड़ा जा रहा है। दोनों की डेटिंग लाइफ और अफेयर पर खबरें आती रहती हैं। इस पर अब तृप्ति डिमरी ने चुप्पी तोड़ी है। तृप्ति डिमरी का कहना है कि वे अपनी निजी जिंदगी में ताक-झांक की चिंताओं से दूर रहकर बेफिक्र घूमना चाहती हैं। उन्हें वे दिन बहुत याद आते हैं, जब वे बेफिक्र घूमा करती थीं। तृप्ति ने एक इंटरव्यू में यह खुलासा किया है। उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को लेकर लगातार चल रही अफवाहों, खासकर सैम मर्चेंट के साथ लिंक अप की अटकलों पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि कभी-कभी इतनी दखलअंदाजी परेशान करने वाली हो सकती है। तृप्ति ने कहा कि एक सेलिब्रिटी होने के नाते यह सब होना आम बात है। स्वाभाविक रूप से लोग किसी भी शख्सियत की जिंदगी के बारे में जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। ये सभी चीजें समझने के बावजूद वे कभी-कभी अपनी आजादी को मिस करती हैं। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी यह वास्तव में परेशान करने वाली बात बन जाती है, क्योंकि मुझे अपनी आजादी बहुत पसंद है। मुझे वे दिन याद आते हैं, जब मैं बिना किसी चिंता के सड़कों पर घूम-फिर सकती थी। बिना मास्क लगाए निकलती थी'।

# 'द रोशन्स' के ट्रेलर में नजर आया सिनेमा का जादू...

**मुंबई।** अपकमिंग डॉक्यू सीरीज 'द रोशन्स' में बॉलीवुड के नामी फिल्मी परिवारों में से एक रोशन परिवार की विरासत को दिखाया जाएगा। इस परिवार ने हिंदी सिनेमा में बहुत बड़ा योगदान दिया है। शशि रंजन को-प्रोड्यूस-डायरेक्टेड, राकेश रोशन प्रोड्यूस डॉक्यू सीरीज 'द रोशन्स' का 17 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा। इसमें रोशन परिवार के जीवन के उतार-चढ़ावों और सफलता को दिखाया जाएगा। रोशन परिवार के सबसे चर्चित सितारे ऋतिक रोशन हैं। हाल ही में इस सीरीज का ट्रेलर लॉन्च हुआ है।



# पायल को मिला डीजीए अवॉर्ड में नामांकन...

**मुंबई।** पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' जब से रिलीज हुई है, तब से चर्चा में है। कई अवॉर्ड इसकी झोली में आ चुके हैं तो कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों में नामांकन हासिल कर चुकी है। 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में इस फिल्म ने 'ग्रांड प्रिक्स' अवॉर्ड झटका। फिर इसे 82वें गोल्डन ग्लोब में भी नामांकन मिला, हालांकि, अवॉर्ड हासिल करने से यह फिल्म चूक गई। गोल्डन ग्लोब के बाद पायल कपाड़िया को अब प्रतिष्ठित डीजीए अवॉर्ड में नामांकन मिला है। डायरेक्टर्स गिल्ड ऑफ अमेरिका (डीजीए) ने 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' के लिए पायल कपाड़िया को आगामी 2025 पुरस्कारों के लिए नॉमिनेट किया है। पायल को पहली बार निर्देशक श्रेणी में यह नामांकन मिला है। पायल का मुकाबला इंटरनेशनल ख्याति प्राप्त हस्तियों से होगा। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, इस श्रेणी में अन्य नामांकित शख्सियतों में 'माई ओल्ड ऐस' के लिए मेगन पार्क, 'निकेल बॉयज' के लिए रेमेल रॉस, 'आर्मंड' के लिए हाफडान उल्मन टांडेल और '**Didi**' के लिए सीन वांग शामिल हैं।






# शूट हुआ 'लव एंड वॉर' का इमोशनल सीन

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर से जुड़ी जानकारी लगातार सोशल मीडिया पर आती रहती है। हाल ही में लव एंड वॉर की शूटिंग से स्टार्स का रेट्रो लुक वायरल हुआ था। अब जानकारी आई है कि कथित तौर पर फिल्म का एक इमेशनल सीन शूट किया गया, जिसे आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल पर फिल्माया गया है। 'कुछ दिनों का ब्रेक था, लेकिन अब 11 जनवरी तक फिल्म के कुछ खास सीन की शूटिंग की जाएगी। यह रणबीर, आलिया और विक्की के बीच बातचीत टकराव वाली फिल्म होगी, जो उनके किरदारों को चुनौती देगी।' लव एंड वॉर कथित तौर पर 20 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। लव एंड वॉर का निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। हालांकि, संजय और रणबीर कपूर 2007 में आई उनकी पहली फिल्म सांवरिया में साथ काम कर चुके हैं।



# वीडियो साझा कर दिखाया खतरनाक मंजर

**मुंबई।** अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने हाल ही में बताया कि लॉस एंजिल्स में लगी आग के कारण उन्हें और उनकी टीम को होटल खाली करने के लिए कहा गया था। काम के लिए यूएसए गई नोरा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जंगल की आग की एक झलक साझा की और प्रशंसकों और फॉलोअर्स के साथ अपने अनुभव को साझा किया। वीडियो में नोरा कहती हुई सुनाई दे रही हैं, 'मैं एलए में हूं और जंगल में लगी आग बहुत भयानक है। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। यह सच में भयानक है। हमें पांच मिनट पहले ही यहां से निकलने का आदेश मिला है। इसलिए मैंने जल्दी से अपना सारा सामान पैक किया और मैं यहां से निकल रही हूं। मैं एयरपोर्ट के पास जाऊंगी और वहां आराम करूंगी, क्योंकि आज मेरी फ्लाइट है और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे पकड़ पाऊंगी।' उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इसे रद्द नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह सब डरावना है।



# 7 साल की उम्र में लिखने लगे थे कविता, नूरजहां से लेकर लता मंगेशकर तक ने गाए जलालाबादी के गीत

**नई दिल्ली।** 'मेरा नाम चिन चिन चू', 'आइए मेहरबान', 'डम डम डिगा डिगा', 'इक दिल के टुकड़े हुए हजार', 'राह में उनसे मुलाकात हो गई', 'खुश है जमाना आज पहली तारीख है' और ऐसे ही कई दिल को छू लेने वाले मशहूर गीत लिखने वाले गीतकार और शायर कमर जलालाबादी की गुरुवार को पुण्यतिथि थी। कमर जलालाबादी ने अपने कॅरियर में 156 फिल्मों में 700 से ज्यादा गीत लिखे। कमर जलालाबादी का जन्म 9 मार्च 1917 को पंजाब के जलालाबद शहर में हुआ था। सात साल की उम्र में ही उन्होंने उर्दू कविता लिखनी शुरू कर दी थी। आगे चलकर वह फिल्मी दुनिया के बड़े गीतकार के रूप में उभर कर सामने आए।



***कमर जलालाबादी का असली नाम क्या था? :*** कमर जलालाबादी ने बहुत छोटी उम्र में ही कविता लिखना शुरू कर दिया था। उनकी लेखनी को घर से कोई प्रोत्साहन नहीं मिला, लेकिन एक दिन उनकी मुलाकात अमर चंद अमर नाम के घुमक्कड़ कवि से हुई। उन्होंने उनकी प्रतिभा और क्षमता को पहचाना और कविता करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी कवि ने उनका नाम कमर रखा, जिसका अर्थ होता है चांद। जलालाबादी उनके नाम में उनके गृह नगर के नाम के तौर पर जोड़ा गया था। उस दौर में कवि आमतौर पर अपने नाम के आगे शहर का नाम जोड़ा करते थे। उनका असली नाम ओम प्रकाश भंडारी था।

***पत्रकारिता से की कॅरियर की शुरुआत :*** अमृतसर से मैट्रिकुलेशन पूरा करने के बाद उन्होंने लाहौर के समाचार पत्र जैसे दैनिक मिलाप, दैनिक प्रताप, निराला, स्टार सहका के लिए लिखकर अपनी पत्रकारिता कॅरियर की शुरुआत की। इसके बाद फिल्म जगत में कॅरियर की तलाश करते हुए 1940 के दशक की शुरुआत में पुणे आ पहुंचे। साल 1942 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म 'जमींदार' के गीत के बोल लिखे। इस फिल्म में शमशाद बेगम द्वारा गाया गया गीत 'दुनिया में गरीबों को आराम नहीं मिलता' को काफी पसंद किया गया था।

### इन दिग्गजों ने गाए कमर जलालाबादी के लिखे गीत

*जलालाबाद छोड़कर वह मुंबई चले आए। यहां आकर लगभग चार दशकों तक एक गीतकार के रूप में काम किया। उनके गीतों को शिव दयाल बटिश, नूर जहां, जीएम दुर्रानी, जेनेट बेगम, मांजू, अमीरबाई कर्नाटकी, मोहम्मद रफी, तलत महमूद, गीता रॉय, सुरैया, मुकेश, मन्ना डे, आशा भोंसले, किशोर कुमार और लता मंगेशकर समेत कई दिग्गज गायकों द्वारा गाया गया था।*

### धार्मिक व्यक्ति थे कमर जलालाबादी

*अपने व्यक्तिगत जीवन में कमर जलालाबादी काफी धार्मिक प्रवृत्ति के आदमी थे। उन्होंने भगवद् गीता, कुरान के साथ-साथ बाइबिल के उद्धरणों का जिक्र किया। वह अधिकांश समय या तो ध्यान में रहते थे या लेखन का कार्य करते थे।*

## टीवी मसाला

# कुकिंग शो पर रो पड़ीं दीपिका 4 साल बाद कर रहीं कमबैक

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री और 'बिग बॉस 12' की विजेता दीपिका कक्कड़ को हिट डेली सोप 'ससुराल सिमर का' में 'सिमर' की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। अभिनेत्री अब सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह चार साल बाद फिर से टीवी पर वापसी कर रही हैं। आगामी शो के एक एपिसोड का प्रोमो हाल ही में निर्माताओं ने जारी किया था, जिसमें दीपिका 'होम कुक' होने के कारण ट्रोलिंग से टूटती हुई दिखाई दे रही हैं। हालांकि, नेटिजंस ने फिर से उनकी कड़ी आलोचना की। प्रोमो की शुरुआत जज रणवीर बरार दीपिका को समय कम होने के बारे में बताते हैं। फिर दूसरे जज विकास खन्ना पूछते हैं कि क्या उनके पास कोई 'प्लान बी' है, जिस पर दीपिका आत्मविश्वास से जवाब देती हैं कि वह समय पर अपनी डिश पूरी कर लेंगी। बाद में वह जजों को क्रीम बूली टार्ट पेश करती हैं। दोनों जज उनकी डिश की तारीफ करते हैं और उनकी तारीफ से दीपिका की आंखों में आंसू आ जाते हैं। जब फराह खान उनसे पूछती हैं, 'दीपिका, रो क्यों रहे हो इतना?', तो अभिनेत्री जवाब देती है, 'मैं आज हर उस महिला को रिप्रेजेंट करना चाहती हूं, जिसे ये कहकर दबाया जाता है, 'अरे, किचन में सिर्फ खाना ही तो बना रही है। हां हूं मैं एक होम कुक।' वीडियो सामने आने के तुरंत बाद, नेटिजंस ने दीपिका को ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने मेकर्स की एक्स पर पोस्ट किए गए प्रोमो के नीचे कमेंट किया, 'मुझे खेद है कि वे इस शो में इतना ड्रामा क्यों ला रहे हैं। इसे लाफ्टर शेफ्स की तरह हल्का-फुल्का बनाना चाहिए था।'





# अम्बेली नाला में मिले शहीद वाहन चालक के शरीर के अवशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अम्बेली मुठभेड़ में शहीद वाहन चालक के शव के अवशेष गुरुवार को सर्चिंग के दौरान अम्बेली नाला से गोताखोरों की टीम ने बरामद किया। इसकी सूचना शहीद के परिजनों को दी गई। जिसके बाद दंतेवाड़ा में शव के अवशेष को परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिवार के मुखिया मानसाय राणा की सलाह पर दंतेवाड़ा में ही अंतिम संस्कार दंतेवाड़ा पुलिस की मदद से किया गया। इस दौरान शहीद तुलेश्वर के दो भाइयों के अलावा समाज के लोग भी मौजूद थे। गौरतलब है कि 3 जनवरी को नक्सल विरोधी सर्च अभियान में चार जिलों की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। 6 जनवरी को गश्त सर्चिंग से वापसी के दौरान नक्सलियों द्वारा डीआरजी दंतेवाड़ा के एक चारपहिया वाहन को आईईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया गया था जिसमें डीआरजी दंतेवाड़ा के 8 जवान और एक सिविलियन ड्राइवर तुलेश्वर राणा शहीद हो गये थे।



# नवविवाहिता ने लगाई

भिलाई। नवविवाहिता ने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि संतोषीपारा मिलन चौक केम्प-2 निवासी अनुष्का का विवाह माह जुलाई 2024 को हेमंत रजक के साथ हुआ था। हेमंत जमशेदपुर में प्राइवेट काम करता है। ससुराल से अनुष्का छठ पूजा मनाने अपने मायके भिलाई आई थी। बुधवार 8 जनवरी को दोपहर 12 से 1 बजे के बीच कमरे में अनुष्का फांसी लगाई परिजनों को जानकारीहोने पर उसे फंदे से नीचे उतारा और बेहोशी की हालत में सुपेला अस्पताल पहुंचाया। जहां कुछ देर जांच और उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल ने शव को मरच्यूरी में रखवा दिया। जिसका पीएम होने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा गया। अनुष्का छठ मनाने के लिए भिलाई अपने मायके आई थी। खरमास लग जाने से अनुष्का यहां रुक गई। पति कुछ दिन बाद उसे लेने आने वाला था। अनुष्का के परिजनों के मुताबिक वह खुश थी। पति से भी उसके अच्छे संबंध थे।


## ICICI Bank

**आम सूचना** — स्वर्ण ई-नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

पंजीकृत कार्यालय- आईसीआईसीआई बैंक टावर,चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कॉर्पोरेट कार्यालय- आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को उनके द्वारा ICICI बैंक लिमिटेड ("ICICI बैंक") से प्राप्त स्वर्ण आभूषणों के विरुद्ध सुविधा ("सुविधा") के बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। वे बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, जिसके कारण हमें 20 जनवरी, 2025 को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी आयोजित करने के लिए बाध्य होना पड़ा है। ICICI बैंक को खाता हटाने/ ई-नीलामी की तिथि बदलने का अधिकार बिना किसी पूर्व सूचना के है। नीलामी ऑनलाइन https://gold.samil.in बैंक पर दोपहर 12:30 बजे से 3 : 30 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाइट पर लॉग इन करें। मृतक उधारकर्ता के मामले मेंए सभी शर्तें कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| शाखा का नाम- अकलतरा | | 372305000496 | चंद्र प्रसाद यादव | | शाखा का नाम- नवापारा.राजिम |
| 211905003040 | बहोरन सिंह कौशिक | 372305000498 | धनेश्वर यादव | 783405000127 | संदीप कोटक |
| शाखा का नाम- अंजोरा | | 372305000501 | मुकबुल हसन | 783405000131 | संदीप कोटक |
| 328405000539 | पीताम्बरी साहू | शाखा का नाम- घरघोड़ा - छत्तीसगढ़ | | शाखा का नाम- पाली, छत्तीसगढ़ | |
| 328405000578 | जागेश्वरी साहू | 372205001080 | धनीराम राठिया | 280405000827 | निमेष निमेष |
| 328405000581 | प्रेमनाथ चंद्राकर | 372205001453 | कृष्णा नाइक | 280405000831 | संतोष कुमार पुलस्त |
| शाखा का नाम - बैकुंठपुर | | शाखा का नामरू जगदलपुर | | शाखा का नाम - परसदा | |
| 360505000754 | अलका विश्वकर्मा | 108505012102 | प्रेमचंद बिसेन | 435205000544 | अमर कुमार गगवानी |
| 360505001602 | शीबा ज्योति लाकड़ा | 108505012397 | श्री राम सूर्यवंशी | 435205000557 | अमर कुमार गगवानी |
| 360505001607 | सरिता एक्का | 108505011950 | प्रदीप यादव | 435205000571 | भागीरथी साहू |
| 360505001608 | विवेक विश्वकर्मा | 108505010875 | मोहन गोयल | 435205000574 | सीता परिहार |
| 360505001612 | सुनीता सुनीता सुनीता | 108505010920 | रीता सलाम | शाखा का नामरूपेंड्रा | |
| शाखा का नाम- बलरामपुर छत्तीसगढ़ | | 108505011951 | ललित बघेल | 784805000147 | महेंद्र कुमार ध्रुव |
| 360105001364 | भालू कश्यप | 108505011919 | नीलेश सूना | 784805000197 | महेंद्र कुमार ध्रुव |
| 360105001366 | अस्तुराम पटेल | 108505011933 | राजेश साहू | शाखा का नाम- रायगढ़ | |
| 360105001411 | भूपेन्द्र ठाकुर | 108505011952 | उमीर्ला भारती | 092605002538 | वीरेंद्र बसंत |
| 360105001414 | सुकमन कश्यप | शाखा का नाम- जगदलपुर | | 092605002754 | हरीश कर्ष |
| 360105001790 | उपेन्द्र कश्यप | 443105000017 | उपेन्द्र सिंह भदौरिया | 092605002767 | सुनील कुमार सिंह |
| शाखा का नाम- भिलाईनगर नंदिनीरोड | | 443105000764 | अभय जॉन | शाखा का नाम- रायपुर | |
| 181505002100 | नीता प्रसाद | 443105000760 | पार्वती मौर्या | 016105011779 | त्रिदीप कमल |
| शाखा का नाम - बलरामपुर छत्तीसगढ़ | | 443105000771 | तरूण सिंह ठाकुर | शाखा का नाम- रायपुर . डूमरतराई | |
| 782205000071 | शक्ति कुमार | 443105000782 | राजेश सिंह ठाकुर | 429705000514 | पी बिजय कुमार |
| शाखा का नाम बस्तर, छत्तीसगढ़ | | 443105000801 | गौरव तिवारी | शाखा का नाम- रायपुर .उरला | |
| 360105001364 | भालू कश्यप | शाखा का नाम- जशपुरनगर | | 478905000020 | मोहम्मद रिजवान |
| 360105001366 | अस्तुराम पटेल | 784905000016 | सविता यादव | शाखा का नाम- रायपुर-फाफाडीह | |
| 360105001411 | भूपेन्द्र ठाकुर | शाखा का नाम- कांकेर, छत्तीसगढ़ | | 438605000746 | रिकेश कुमारसाहू |
| 360105001414 | सुकमन कश्यप | 371705002623 | लक्ष्मण निषाद | 438605000541 | रमेश कुप्पिली |
| 360105001780 | उपेन्द्र कश्यप | शाखा का नाम- कवर्धा | | 438605000686 | रमेश कुप्पिल्ली |
| 360105001790 | निर्मला चापड़ी | 098705001177 | ज्योतिष दास | शाखा का नाम- रायपुर- पंचबडीनाका | |
| शाखा का नाम- बिलासपुर गांधी चौक | | शाखा का नाम- खरसिया | | 134605001825 | दिव्य सरधारा |
| 06 | Adobe InDesign | The Adobe Express Premium Plan | 01 | |
| | | Creative Cloud All Aps | 01 | |
| 07 | Canva | Canva Pro | 01 | |
| | | Canva Teams | 01 | |
| | Illustrations and Cover Designing Software | | | |
| | Name of the Software | Plan | | |
| 08 | Adobe Photoshop | For Individual | 01 | |
| | | Creative Cloud All Aps | 01 | |
| 09 | Adobe Illustrator | For Single App | 01 | |
| | | Cloud All Apps | 01 | |
| | Formatting for Digital Publishing | | | |
| | Name of the Software | Plan | | |
| 10 | Scivener (for Windows) | Standard License | 01 | |
| | Publishing Platforms | | | |
| | Name of the Software | Plan | | |
| 11 | Draft2 Digital | | 01 | |
| | Required Hardware | | | |
| 12 | Work Station | | 02 | |
| 13 | Desktop Computer | | 03 | |
| 14 | High Quality Colour Printer | | 01 | |
| 15 | Server with Storage and Rack | | 01 | |

Interested Parties may view and download the detailed Tender (terms and conditions and Technical Specification) of aforementioned articles on the website viz. https://highcourt.cg.gov.in.

I) Documents Download start Date - 09/01/2025
II) Last Date of Submission of Physical documents - 20/01/2025 (till 04:30 PM)

K. Vinod Kujur
Registrar General
High Court of Chhattisgarh, Bilaspur (C.G.)

G- 242505234/4


## खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक, चाचा-भतीजे की मौत

**थान खम्हरिया।** कबीरधाम जिले के रणवीरपुर चौकी अंतर्गत आने वाले जिले के सीमावर्ती ग्राम बनिया के समीप बुधवार की रात करीब 9 बजे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में मोटरसाइकिल जा घुसी। दुर्घटना में बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों युवक ग्राम गौरझूमर के रहने वाले वाले थे। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थान खम्हरिया पुलिस ने दोनों युवकों के शव को स्थानीय अस्पताल लाकर परिजनों को घटना की सूचना दी। एक ही परिवार के होने के कारण ग्राम गौरझूमर में मातम का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थान खम्हरिया पुलिस ने शून्य में मर्ग कायम किया, जिसे बाद में रणवीरपुर चौकी स्थानांतरित कर दिया जाएगा। घटना के मुताबिक कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक के रणवीरपुर चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम गौरझूमर निवासी रवि बंजारे पिता हीरऊ उम्र 22 वर्ष तथा सुखदेव जांगड़े पिता बलराम जांगड़े उम्र 18 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 25 एल 8906 से थान खम्हरिया से काम निपटा कर घर लौट रहे थे। तभी जिले के सीमा पार करने के बाद ग्राम बनिया के पहले धान भरी हुई खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में मोटर साइकिल जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रवि बंजारे के सिर पर गंभीर चोट आयी, जिसके कारण अधिक रक्तस्राव से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। जबकि सुखदेव जांगड़े के सीने व चेहरे में चोट लगने के कारण कुछ समय बाद उसने भी दम तोड़ दिया।

## युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भिलाई।** युवक ट्रेन से कटकर अपनी जान दी है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि सिरसा गेट अण्डरब्रिज के पास डाउन लाइन पर 8 जनवरी की शाम पटेल पारा सोमनी भिलाई तीन निवासी नीलेश पटेल नामक युवक ट्रेन से कटने पर मौत हो गई। युवक गांव से पैदल ही सिरसा गेट अण्डरब्रिज की ओर आया था। पुराने रेलवे क्रॉसिंग के पास कुछ देर खड़े होने के बाद भिलाई से रायपुर की ओर जा रही ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। शव को पीएम के लिए भेजा गया। जहां से पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। जान देने का कारण अभी अज्ञात है।

## फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

**बालोद।** दल्लीराजहरा के वार्ड नंबर 17 गाडरपुल रेलवे पटरी के पास बुधवार को पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका हुआ मिला है। इसकी सूचना वार्ड वासियों द्वारा राजहरा थाने में दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर पंचनामा कर आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं, मृतक के पास से मोबाइल एवं एक सुसाइड नोट मिला है। जानकारी अनुसार मृतक का नाम घनश्याम ठाकुर 45 वर्ष है, जो दल्लीराजहरा के वार्ड नंबर 15 का रहने वाला था। वहीं, घनश्याम ठाकुर बस स्टैंड में होटल का व्यवसाय करता था। वह मंगलवार से लापता था।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक को दूसरे ने ठोका, दोनों के परखच्चे उड़े

**बालोद ।** ग्राम सिवनी में बालोद बाजार के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने रोड किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रोड किनारे खड़ा ट्रक पोस्टर लगाने के लिए बनाए एंगल और महिला समूहों के लिए बना वृन्दावन संकुल संगठन रिसोर्स सेक्टर के पिल्हर और गेट को तोड़ते हुए नाली में घुस गया। इससे दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए हैं। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीजे 5284 जो सीमेंट भर कर झलमला से बालोद की ओर जा रहा था। तभी बालोद बाजार के पास रोड किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी।

# फेसबुक में रकम डबल करने के झांसे में आया मेडिकल कारोबारी, 82 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मेडिकल कारोबारी रकम डबल के झांसे में आकर लाखों रुपए का ठगी का शिकार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धारा 318 (4), 618 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि आमदी नगर हुडको निवासी मेडिकल कारोबारी सुनील नामक व्यक्ति ने अपने फेसबुक में रकम डबल करने का विज्ञापन देखा। जिसे देख उसमें बताए गए फार्म को भरने के बाद पीड़ित के मोबाइल पर



### साइबर की मदद से 47 लाख हुए होल्ड

ठगो का कॉल आया और माह अक्टूबर से 30 दिसंबर तक खाते से 82 लाख रुपए ठग लिए थे। जब पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। तब तक खाते से रुपए पार हो गए थे। परेशान होकर कारोबारी भिलाई नगर पुलिस थाने पहुंचा, जहां 1930 में शिकायत होने के बाद 47 लाख रुपए साइबर पोर्टल के माध्यम से होल्ड किया गया है। फिलहाल साइबर पुलिस अज्ञात आरोपियों की खोजबीन में जुटी हुई है।

गौरतलब हो कि हाल ही में दर्जनभर से अधिक लोग साइबर ठगी के चपेट में आ चुके है। जिसे लेकर जिले की पुलिस अभियान चलाकर जागरूक भी कर रही है।


### न्यायालय तहसीलदार कुमरदा, जिला - राजनांदगांव

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./202006092000029 / अ-19 (3) वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव द्वारा पत्र मय दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि, छुरिया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पांगरीखुर्द में फूड पार्क की स्थापना हेतु हस्तांतरित की गई भूमि कुल रकबा 19.599 हेक्टेयर के मद में परिवर्तन कर **“फूड पार्क एवं अन्य औद्योगिक प्रयोजन”** किये जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त पत्र के साथ उद्योग संचालनालय छत्तीसगढ़, उद्योग भवन का पत्र दिनांक 28-08-2024 तथा छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के पत्र दिनांक 31-07-2024 की प्रति भी संलग्न की गई है, जिसमें फूडपार्क की स्थापना के स्थान पर फूड पार्क एवं अन्य औद्योगिक प्रयोजन किये जाने का निर्देश दिया गया है।

आवेदक एवं शासन स्तर के पत्र के आधार पर फूड पार्क की स्थापना हेतु हस्तांतरित की गई भूमि के उपयोग हेतु मद परिवर्तन कर **“फूड पार्क एवं अन्य औद्योगिक प्रयोजन”** किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था/अधिवक्ता को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17-01-2025 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02-01-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

जारी दिनांक : 02/01/2025
पेशी दिनांक : 17/01/2025
मुहर

**तहसीलदार**
**कुमर्दा, जिला राजनांदगांव**

S-42711/2



### कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 207/163701 | SPECIAL REPAIR WORK OF VARIO’S ROAD AND C’LVERT INCL’DING BT WORK ’NDER S’B DIVISION ABHANP’R | रू. 60.00 लाख |
| 208/163705 | S.R./M.O.W. WORKS AND SMALL DEPOSIT WORKS S’CH AS M.S. FABRICATION WORK IN SECTION-4 (V.I.P. BANGLOW) ’NDER P. W.D. S’B DIVISION NO.-1 RAIP’R (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 209/163816 | SR AND MOW WORK AT SECTION NO 3, S’B DIVISION NO -03 NAVA RAIP’R C.G. | रू. 40.66 लाख |

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 28.01.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **https://eproc.cgstate.gov.in** पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि रायपुर मण्डल क्रं.-1**
**रायपुर (छ.ग.)**

G -242505207/3



### GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESO’RCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECITOVE ENGINEER WATER RESO’RCES DIVISION, JASHP’R (C.G.)

**CORRIGEND’M NO. 1**

**IN**

1. NIT No.: 04/SAC/2024-25, Dated: 13.12.2024, System Tender No. 162673 (1st Call)
2. NIT No.: 05/SAC/2024-25, Dated: 13.12.2024, System Tender No. 162674 (1st Call)
3. NIT No.: 06/SAC/2024-25, Dated: 13.12.2024, System Tender No. 162675 (1st Call)
4. NIT No.: 07/SAC/2024-25, Dated: 13.12.2024, System Tender No. 162676 (1st Call)
5. NIT No.: 08/SAC/2024-25, Dated: 13.12.2024, System Tender No. 162677 (1st Call) and
6. NIT No.: 09/SAC/2024-25, Dated: 13.12.2024, System Tender No. 162678 (1st Call)

Whose G-Number- 04626 due to including Chhattisgarh Govt. WRD. Mantralaya Mahanadi Bhavan, Nava Raipur, Atal Nagar Letter No. 4513/F-7-34/S-2/31/2006, Dated: 25.11.2024,
in Tender Document Form-B (Envelpe-C) following amendments are made-

| S. No. | Particulars | Previous Published | Amendment As |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid Due date & time | Date 03/01/2025 (Time 17:30) | Date 17/01/2025 (Time 17:30) |
| 2. | Bid Open date & time | Date 06/01/2025 (Time 11:30) | Date 20/01/2025 (Time 11:30) |

Note: All other terms and conditions of NIT will remain unchanged and the details amendments can be seen in Chhattisgarh eproc.cgstate.gov.in website.

**Executive Engineer**
**Water Resources Division,**
**Jashpur (C.G.)**

G-242505229/3



### कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष (जिला निर्माण समिति) जिला कोण्डागांव

**मैनुअल पद्धति चतुर्थ जोनल निविदा आमंत्रण**

एन.आई.टी. क्रमांक / 15, 16 & 17 /जि.नि.स./ निविदा / 2024-25 कोण्डागांव, दिनांक 09/01/2025 छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से कार्यालय जिला निर्माण समिति कोण्डागांव के कार्यालय में दो लिफाफा पद्धति से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर (छ.ग.) के द्वारा जारी भवन - सड़क - पुलिया निर्माण कार्य हेतु दिनांक दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित व प्रभावशील दर अनुसूची एवं प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर (छ.ग.) के द्वारा जारी विद्युतीकरण कार्य हेतु दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची से निविदा आमंत्रण तिथि तक संशोधित दर अनुसूची पर निविदा प्रपत्र “अ” में प्रतिशत के आधार पर दर निम्नांकित कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।

01. कार्यालय में निविदा लिफाफे प्राप्ति की अंतिम तिथि - 15/01/2025 संध्या 5:00 बजे तक ।
02. कार्यालय में निविदा लिफाफे खोले जाने की तिथि - 16/01/2025 प्रातः 11.30 बजे ।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | रू. 10.00 लाख से कम लागत के विभिन्न निर्माण भवन / मंच / पुलिया / बाउंड्रीवाल / नाली / सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित विकासखण्ड केशकाल। | 100.00 |
| 02 | रू.10.00 लाख से कम लागत के विभिन्न निर्माण भवन/मंच / पुलिया / बाउंड्रीवाल / नाली / सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित विकासखण्ड फरसगांव। | 100.00 |
| 03 | रू. 10.00 लाख से कम लागत के विभिन्न निर्माण भवन/मंच/पुलिया / बाउंड्रीवाल / नाली / सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित विकासखण्ड बड़ेराजपुर । | 100.00 |

**टीपः-** उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट - 2.13) एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन अवधि में कार्यालय- जिला निर्माण समिति, जिला कोण्डागांव में अथवा ऑनलाईन www.kondagaon.gov.in वेबसाइट में दिनांक 09.01.2025 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**(जिला निर्माण समिति)**
**जिला कोण्डागांव**

G-242505220/2



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/07/2024-25/Gr-02 (2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला अन्तर्गत मरकच्चो प्रखण्ड के डगरनवा पंचायत के डगरनवा झावात्तरी में फुटलाही नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 25905800.00 | 518200.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 13.01.2025 से 20.01.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22.01.2025 अपराह्न 02.00 बजे।
6. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9934546408 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. अधोहस्ताक्षरी / सक्षम पदाधिकारी के पास किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा तथा निविदादाता को कारणपृच्छा अधिकार मान्य नही होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**

PR 343928 Rural Work Department (24-25)_D



### Office of the District Education Officer, Dhanbad

**Notice Inviting Tender**

**RFP FOR**

**Selection of Agency for Rate Contract to Develop Government Upper Secondary School into E- Smart Model Government Upper Secondary School across Dhanbad district Under District Mineral Fund, Office of the District Education Officer, Dhanbad, Govt. of Jharkhand**

**RFP No: SSA-06** **Opening date: 09.01.2025**
**Issue Date: 09.01.2025** **Closing date: 30.1.2025**

District Education Officer, Dhanbad, Govt. of Jharkhand intends for Rate Contract of Develop Government Upper Secondary School into E-Smart Model Government Upper Secondary School across Dhanbad. The Office of the District Education officer intends to select reputed agencies to participate in the biding process. The main purpose of procurement of these items is to develop government upper secondary school into E-Smart Model Government upper secondary school and the use of which would enhance the interest as well as comfort level of the students.

The items supplied should be non-toxic, lead and arsenic free, chemical free and safe for the students for use.

The Bid document can be downloaded from the website (https://dhanbad.nic.in) and the responses for this Request for Proposal (RFP) shall be deemed to have done after careful study and examination of this document and full understanding of its modalities, process of execution and items to be delivered. The bids are to be submitted uploaded hard copy by hand or by post (Registered / Speed) or by courier on or before the closing date in the address mentioned in the document. Technical bids submitted by the bidder will be opened in the presence of the Tender committee member. Detailed information regarding important dates, address for submission of bid, Material Supply List (MSL), Total Bill of Material (BOM), Quantity, Delivery Location and other requisite is available in the information Factsheet of this Bid Document.

**District Education Officer,**
**Dhanbad**

PR 343912 (School Education and Literacy) 24-25 (D)



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/CHAIBASA/13/2024-25(5th Call) (MMGSY)**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पश्चिमी सिंहभूम जिला के मनोहरपुर प्रखण्ड अन्तर्गत दिघा पंचायत के ग्राम मारंगपोंगा एवं होलोंगउली गाँव के बीच नदी पर पुल का निर्माण। | 30719400.00 | 615000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 13.01.2025 से दिनांक 20.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –21.01.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709623131 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा खोलने की तिथि से 5 दिनों के अन्दर निविदादाता द्वारा अपनी आपत्ति / दावा दर्ज कराये अन्यथा अवधि बीतने के पश्चात् कोई भी आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,**
**पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।**

PR.NO.343906 West Singhbhum(24-25):D



### कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति नवापारा, जिला - रायपुर (छ.ग.)
**E-mail Id- ‘‘mandi-npara.cg@nic.in’’, Phone No. 07701-233817**

क्रमांक / मंडी/ निर्माण - 9 / 2024-25 / 1044 नवापारा, दिनांक 08/01/2025

**मेन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति नवापारा जिला - रायपुर (छ.ग.) लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से “निम्न दर्शित कार्य हेतु लो.नि.वि. भवन निर्माण कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 ए से प्रभावशील एस.ओ.आर. एंव इस निविदा सूचना जारी दिनांक तक संशोधित दर पर निविदाएं पंजीकृत डाक द्वारा मोहरबंद 03 लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति नवापारा में विक्रय, प्राप्त एवं खोले जाएंगें।

1. निविदा विक्रय की अंतिम तिथि - 27/01/2025 को सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 31/01/2025 को सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोले जाने की प्रारंभिक तिथि - 03/02/2025 को 3.00 बजे दोपहर से

| क्र. | कार्य स्थल / साईज | अनुमानित लागत ( लाख रु. में) | अमानत राशि रू. में | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि (वर्षा ऋतु सहित) | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कृषि उपज मंडी समिति नवापारा जिला रायपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम कठिया वि.ख. अभनपुर में उरांव समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 19.52 लाख | 15000.00 | 1000.00 | 03 माह | “द” एवं उच्च |

**शर्ते :-** (1) निविदा प्रपत्र दिनांक 27.01.2025 तक कार्यालयीन समय मे निर्धारित शुल्क नगद जमा कर एवं वैध पंजीयन, जी.एस.टी. पंजीयन पैन कार्ड,, विगत तीन वर्षो का आयकर रिर्टन अनिवार्य है। बैंक साल्वेसी की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं नोटरी द्वारा सत्यापित प्रति, जमा करना होगा। (2) कार्य के सम्मुख दर्शित अमानत राशि एफ.डी.आर. / टी.डी.आर. के रूप में सचिव कृषि उपज मंडी समिति नवापारा के नाम से देय होगा, एवं अन्य शर्ते तथा निविदा से संबंधित शेष शर्ते कार्यालयीन समय में संबंधित कार्यालय में देखी जा सकती है। (3) लिफाफा “अ” में ई.एम.डी. एवं लिफाफा “ब” में फर्म का विवरण, लो.नि.वि. में वैध पंजीयन, पैन कार्ड, जी.एस.टी. वैध साल्वेंशी, एवं शपथ पत्र, अन्य दस्तावेज लिफाफा “स” में निविदा प्रपत्र एवं लिफाफा “द” में लिफाफा “अ”,“ब” एवं “स” प्रस्तुत किया जायेगा एवं लिफाफा “द” में कार्य का नाम एवं पता का उल्लेख करें। (4) अंतिम देयक भुगतान के पूर्व रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**सही**
**(राजेन्द्र देवांगन )**
**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति नवापारा**
**जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**सही**
**(रामलाल साहू)**
**सचिव,**
**कृषि उपज मंडी समिति नवापारा**
**जिला - रायपुर (छ.ग.)**

S-42721/1

नेचर्स वंडर / शिखर चंद जैन

# शीत काल में बर्फ से बनने वाली ये अजब-गजब आकृतियां

बच्चों, तुमने टीवी पर देखा होगा इस भीषण सर्दी में कई ठंडे प्रदेशों में खूब बर्फ गिर रही है। दुनिया में कुछ स्थानों पर होने वाली बर्फबारी से ऐसी आकृतियां बन जाती हैं, जो देखने में बहुत ही आकर्षक और अनोखी लगती हैं। जानो, बर्फ से बनी कुछ ऐसी ही अद्भुत आकृतियों के बारे में।



## आइस वोल्केनो

**बच्चों, उत्तरी** अमेरिका की झीलों में अकसर बर्फ के ज्वालामुखी फूटते देखे जाते हैं। कुछ वर्ष पहले ओंटारियो झील के तटीय क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में बर्फ के ज्वालामुखी फूटते देखे गए। अकसर उत्तरी गोलार्ध में झीलों के पास बर्फ कठोर होकर पहाड़नुमा या स्तूप की तरह संरचना बना लेती है। ये स्तूप बीच से खोखले होते हैं। जब हवा में तीव्रता आती है और अचानक लहरें ऊपर की ओर उछाल मारती हैं तो इन स्तूपों की खोखली जगह के बीच से पानी की बौछार तेजी से ऊपर की ओर आती हैं। इन्हें देखकर ज्वालामुखी फूटने का एहसास होता है। अंतर यही है कि जो वास्तविक ज्वालामुखी होते हैं, उनसे गर्म लावा फूटता है, जबकि आइस वोल्केनो से ठंडी बौछारें निकलती हैं। *

## फ्रॉस्ट फ्लावर्स



**सर्दियों में** कई जगह, विशेष रूप से आर्कटिक सागर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में बर्फ से कई तरह के फूलों की आकृतियां बन जाती हैं। इन्हें 'फ्रॉस्ट फ्लावर' कहा जाता है। फ्रॉस्ट फ्लावर के कई रूप होते हैं, जैसे-नीडल आइस, फ्रॉस्ट पिलर्स, आइस रिबन, रैबिट फ्रॉस्ट या रैबिट आइस आदि। जब बर्फ की पतली परतें हवा के दबाव में कई घुमाव लेकर फूलों जैसा रूप ले लेती हैं, तब उन्हें फ्रॉस्ट फ्लावर कहते हैं। आमतौर पर ये फ्लावर्स तीन-चार सेंटीमीटर व्यास के होते हैं। ये अकसर गुच्छों में दिखते हैं। कई बार पानी की सतह पर तो कई बार गीली जमीन पर या फिर ठंडे समुद्री किनारों के पास इन्हें देखा जा सकता है। इन फूलों में से एक आइस लोटस यानी बर्फ कमल, ठंडी जगहों पर सिर्फ सुबह या शाम के वक्त ही दिखते हैं। तापमान जरा सा भी बढ़ जाए तो ये तुरंत पिघल जाते हैं। *

## आइस बॉल्स



**अंटार्कटिका और** उत्तरी आर्कटिक क्षेत्र से लेकर उत्तरी अमेरिका की झीलों के आस-पास आइस बॉल्स या आइस बाउल्डर्स खूब देखे जा सकते हैं। बर्फ के कण, हवा या अन्य कारणों से गोलाकार हो जाते हैं। कई बार ये गोल ना भी हों तो सुई के आकार के हो जाते हैं। इन्हें 'फ्रेजिल आइस' कहते हैं। ठंडे पानी में तैरते हुए ये बर्फ के टुकड़े पैनकेक या डिस्क जैसे नजर आते हैं। ठंडे पानी की तेज लहरों में ये आइस स्लश गोलाकार होकर गेंदनुमा भी हो जाते हैं। *

## आइस शोव्स



**बर्फीली झीलों** पर अकसर दूर-दूर तक बर्फ के टुकड़े छोटे-छोटे ब्लॉक्स के शेप में तैरते रहते हैं। जब हवा के तेज झोंके चलते हैं तो इनकी अठखेलियां देखने लायक होती हैं। बर्फ के ये ब्लॉक्स कई बार तेज हवा में उछाल मारकर किनारे तक आ जाते हैं। कई बार तो ये आगे जाकर आस-पास के घरों से भी टकरा जाते हैं। देखने में ये ब्लॉक्स बहुत आकर्षक लगते हैं। *

## आइस क्रिस्टल

**सर्दियों में** जब झीलों में बर्फ जमने लगती है तो इससे तरह-तरह की अनोखी आकृतियां बनती हैं। हर आकृति दूसरी आकृति से भिन्न होती है। तिकोनी, चौकोर, षटकोणीय, बहुकोणीय जैसे कई ज्योमेट्रिकल शेप्स में ये होती हैं। कई बार तो ये किसी बेशकीमती नगीने जैसी दिखती हैं। बर्फ के इन क्रिस्टल पर जब सूर्य की किरणें पड़ती हैं तो ये इंद्रधनुषी रंग बिखेरते हुए मन को मोह लेती हैं। *



प्रेरक प्रसंग

बच्चों, स्वामी विवेकानंद की गिनती भारत ही नहीं, दुनिया के महानतम विचारकों में होती है। उनके जीवन से जुड़े प्रसंग हमारे लिए बहुत प्रेरणादायी हैं। यहां हम तुम्हें स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ा एक प्रेरक प्रसंग बता रहे हैं।

# जब स्वामी विवेकानंद ने बताया एकाग्रता का रहस्य



अकसर ही बच्चों को यह शिकायत रहती है कि वे पढ़ाई में अपना दिमाग कंसंट्रेट नहीं कर पाते, उन्हें पढ़ा हुआ याद नहीं रहता। ऐसे में हम तुम्हें भारत की महान विभूति स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ा एक प्रसंग बता रहे हैं, इसे पढ़कर तुम समझ सकोगे कि अपनी पढ़ाई कैसे एकाग्रता के साथ करें?

बात उन दिनों की है, जब स्वामी विवेकानंद भारत भ्रमण कर रहे थे। इस यात्रा में उनके साथ उनके एक गुरु भाई भी थे। यात्रा और विश्राम के दौरान जहां कहीं अच्छे ग्रंथ, अच्छी पुस्तकें मिलतीं, विवेकानंद जरूर पढ़ते। जब भी किसी नई जगह जाते, सबसे पहले वह वहां किसी अच्छे पुस्तकालय की तलाश करते। एक जगह बड़ा पुस्तकालय देखकर विवेकानंद जी ने सोचा, क्यों न थोड़े दिनों तक यहीं रुका जाए। वह अपने गुरु भाई के हाथों रोज पुस्तकालय से नई पुस्तक मंगाते और उसे पढ़कर अगले ही दिन वापस करवा देते। रोज नई-नई किताब इस तरह से देते और वापस लेते देख उस पुस्तकालय के अधीक्षक बड़े हैरान रहते। एक दिन विवेकानंद के गुरु भाई से वह बोले, 'क्या आप नई-नई किताबें रोज केवल देखने के लिए ले जाते हैं? यदि इन्हें देखना ही है, तो मैं यूं ही यहीं पर दिखा दिया करूं। रोज-रोज इतना वजन उठाने की क्या जरूरत?'

पुस्तकालय अधीक्षक की इस बात पर स्वामी विवेकानंद के गुरु भाई ने जवाब दिया, 'जैसा आप समझ रहे हैं, वैसा कुछ भी नहीं है। हमारे गुरु भाई विवेकानंद इन सब पुस्तकों को पूरी गंभीरता से पढ़ते हैं, फिर वापस करते हैं।'

पुस्तकालय अधीक्षक को बड़ा आश्चर्य हुआ, उन्होंने कहा, 'यदि ऐसा है तो मैं आपके गुरु भाई से जरूर मिलना चाहूंगा।'

अगले दिन पुस्तकालय अधीक्षक स्वामी विवेकानंद से मिले, उन्होंने इतने कम समय में इतनी ढेर सारी पुस्तकें पढ़ लेने का राज पूछा। विवेकानंद जी ने पुस्तकालय अधीक्षक की जिज्ञासा शांत करते हुए कहा, 'महाशय, आप हैरान न हों। मैंने न केवल उन पुस्तकों को पढ़ा है, बल्कि उनको याद भी कर लिया है।' इतना कहते हुए उन्होंने वापस की गई कुछ किताबों के कई महत्वपूर्ण अंश पुस्तकालय अधीक्षक को सुना भी दिए। वह आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद से उनकी याददाश्त का रहस्य पूछा। विवेकानंद जी ने बताया, 'अगर पूरी तरह एकाग्र होकर पढ़ा जाए तो किताब की बातें दिमाग में अंकित हो जाती हैं, लेकिन इसके लिए आवश्यक है कि पढ़ने के दौरान मन में दूसरी बातें न हों, मस्तिष्क पूरी तरह से एकाग्र हो। ये दोनों ही गुण निरंतर प्रयास और अभ्यास से आते हैं।'

पुस्तकालय अधीक्षक महोदय स्वामी विवेकानंद की बात सुनकर उनसे बहुत प्रभावित हुए। बच्चों, तुम्हें समझ में आ गया होगा, पढ़ा हुआ याद रहे, इसके लिए मन की एकाग्रता बहुत जरूरी है। *

**प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स**

## जीके क्विज-136

1. साल 2025 के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार देश के कितने एथलीट्स को प्रदान किया जाएगा?
2. हाल ही में किसे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
3. आरिफ मोहम्मद खान किस राज्य के राज्यपाल नियुक्त हुए हैं?
4. मनु भाकर किस खेल की प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
5. विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. पृथ्वी के सबसे ऊपरी भाग को क्या कहते हैं?
7. कौन-सा ग्रह पृथ्वी के सबसे नजदीक है?
8. पेनिसिलीन की खोज किसने की थी?
9. षट्भुज (हेक्सागन) में कितने साइड्स होते हैं?
10. 'विंग्स ऑफ फायर' पुस्तक के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-136 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-135 का उत्तर :** 1.कोनेरू हंपी, 2.चंद्रगुप्त मौर्य, 3.निर्मला सीतारमण, 4.क्रिस्टरुन फ्रॉस्टाडॉटिर, 5.शाहजहां, 6. 8 अगस्त 1942, 7. यमुना, 8.आंध्र प्रदेश, 9.ओडिशा, 10.अटल टनल

**जीके क्विज-135 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कनिष्का-खैरागढ़, कुशाग्र-जयपुर, लता-अंबिकापुर, मधु-सीतापुर, लक्ष्मीकांत-ईमेल से, आदित्य-बलौदा बाजार, आकाश-रायपुर, अमन-बिलासपुर, सूरज-भोपाल

## बूझो तो जानें



1. बीहू, पोंगल, खिचड़ी
एक पर्व के नाम
जो इसको पहचान ले
पाएगा ईनाम।



2. गजक, रेवड़ी, मूंगफली
तिल, गुड़ के पकवान
बिट्टू जरा बताओ तो
किस ऋतु की हैं शान?

3. कच्छ के रण को चूमती
डोरी पर चढ़ झूमती
दूर गगन उड़ जाती है
तुमको भी तो भाती है।

\- आशा शर्मा

उत्तर : 1.मकर संक्रांति 2.शीत 3.पतंग

मकर संक्रांति विशेष / रजनीकांत शुक्ल

# अपनी बहुरंगी संस्कृति

मकर संक्रांति के कुछ दिन पहले स्काउटिंग से जुड़े विभिन्न प्रदेशों के बच्चे जम्मू में जंबूरी नाम का त्योहार मनाने एकत्र हुए। सुमित और मुकेश भी इसमें सम्मिलित हुए। यहां दोनों को विभिन्न प्रदेशों के कैंप में मकर संक्रांति के पर्व की झांकी भी देखने को मिली। आयोजन में सुमित, मुकेश ही नहीं, वहां आए अन्य लोग भी देश की बहुरंगी संस्कृति से परिचित हुए। सबके लिए यह यादगार अनुभव रहा।




जनवरी के दूसरे हफ्ते में सुमित और मुकेश ट्रेन द्वारा रायपुर से जम्मू पहुंच गए। उनके साथ छत्तीसगढ़ से तीस अन्य बच्चे और उनके प्रशिक्षक भी थे। वे वहां स्काउट फेस्टिवल जंबूरी में भाग लेने गए थे। जंबूरी, स्काउटिंग में एक वार्षिक त्योहार जैसा होता है। जिसमें देश भर के स्काउट गाइड लड़के-लड़कियां मिलकर खेल और रोमांचक गतिविधियां करते हैं। एक-दूसरे राज्यों की संस्कृति और भाषा को जानते-समझते हैं। स्काउटिंग के जन्मदाता बेडन पावेल ने इस त्योहार का नाम जंबूरी रखा था। अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के अलावा इन सात दिनों की जंबूरी के अंत में चौदह जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व था। इसलिए जंबूरी में उस दिन सभी राज्यों के बच्चों को अपने राज्य की परंपरा से इस पर्व को मनाने के लिए निर्देश दिए गए थे ताकि सभी बच्चे देश की बहुरंगी संस्कृति से परिचित हो सकें।

सभी राज्यों के बच्चे इसके लिए अपनी ओर से पूरी तैयारी करके आए थे। उस दिन सभी राज्यों के बच्चों ने अपने-अपने टैंट को अपने राज्य की परंपरा के अनुसार सजाया था। अपने-अपने राज्य की परंपरागत वेशभूषा पहने बच्चे बहुत सुंदर लग रहे थे। अपने राज्य के टैंट की सजावट के लिए सुमित और मुकेश ने साथियों के साथ लगकर 'माघी संग्रांद' का बड़ा-सा बैनर लगाया। एक दीवार पर माह (उड़द) की दाल की खिचड़ी के दान का, अरपा नदी के किनारे स्नान करते और सूर्य की पूजा करते श्रद्धालुओं की भीड़ का दृश्य बनाया और तिल के लड्डुओं की थाली दर्शकों के प्रसाद के लिए रख दी। फिर वे दोनों प्रशिक्षक से अनुमति लेकर जंबूरी देखने निकल पड़े।

सबसे पहले जम्मू के युवा परंपरागत पोशाक फेरन पहने सभी दर्शकों का स्वागत कर रहे थे। उनके टैंट के सामने बड़े-बड़े अक्षरों में 'माघी संग्रांद' लिखा था। दाल की खिचड़ी दान करने, तीर्थ स्थलों पर मेले और पवित्र स्नान के चित्रों से उसे सजाया गया था। जिसको वे देखने वालों को समझा भी रहे थे। सुमित-मुकेश आगे बढ़े तो देखा गुजरात राज्य के बच्चों ने अपने टैंट को सुंदर रंग-बिरंगी पतंगों से सजा रखा था। उनके टैंट के ऊपर बड़ा सा 'उत्तरायण' लिखा था। टैंट की दीवारों पर पतंग महोत्सव के शानदार चित्र लगे थे। उन्होंने टैंट की एक दीवार को स्क्रीन बनाया और उस पर एक पतंग उत्सव की फिल्म दिखा रहे थे। फिल्म में छतों पर पतंग उड़ाते लोग और तिल के लड्डू और गुड़ की चिक्की खरीदते-खाते लोग दिखाई दे रहे थे।

आगे केरल राज्य के स्काउट बच्चे थे। उनके टैंट के ऊपर बड़ा-सा 'मकर विलक्कू' लिखा हुआ था। अपनी परंपरागत वेशभूषा में वे बच्चे बहुत अच्छे लग रहे थे। सबरीमाला मंदिर में पूजा करते, सूर्योपासना करते फसल की कटाई करते, तिल और चीनी से बनी मिठाइयां खाते खरीदते लोगों के चित्र देखकर सुमित और मुकेश बहुत खुश हुए। आगे तमिलनाडु राज्य वालों ने बड़ा सा 'पोंगल' लिखा हुआ था। वहां के स्काउट बच्चों ने खुद को परंपरागत रंग-बिरंगे परिधानों में और अपने टैंट को सजावटी पैटर्न से सजा रखा था। उन्हें बच्चों ने बताया कि हमारे यहां इस पर्व को चार दिन तक मनाते हैं। नए फसल के चावल से पोंगल और खीर बनाकर सूर्य की पूजा करते हैं और गाय, बैलों को खूब सजाकर उनकी भी पूजा करते हैं। तभी सुमित को संगीत की ध्वनि ने आकर्षित किया। देखा तो असम राज्य के बच्चे परंपरागत पोशाकों में संगीत की थाप पर बिहू नृत्य कर रहे थे। धुन इतनी प्यारी थी कि सुमित और मुकेश खुद को उनके साथ नृत्य करने से रोक न सके। उन्होंने वहां बांस और पत्तियों से झोपड़ी मेजी और भेलाघर बनाई थी। वहां मटकी फोड़ने का खेल भी खेला जा रहा था।

पश्चिम बंगाल के बच्चों ने गंगासागर के मेले का दृश्य सजीव किया था। पौष संक्रांति के नाम से मनाए जाने वाले इस पर्व पर खाई जाने वाली मिठाइयों जैसे-खजूर के गुड़, पाटली से बनी मिठाई पुली पिठा सुमित और मुकेश को दी गई। उसे खाकर वे दोनों बहुत खुश हुए। सुमित-मुकेश आगे आए तो मध्य प्रदेश राज्य के बच्चों ने उज्जैन में महिदपुर की डोंगला खगोलीय वेधशाला के माध्यम से सूर्य के उत्तरायण में जाने की गति देखने के बारे में बताया। उन्होंने शिप्रा नदी के तट पर श्रद्धालुओं के स्नान और खिचड़ी, तिल के दान के महत्व का चित्रों द्वारा प्रदर्शन किया। हरियाणा राज्य के बच्चों ने अपने टैंट के आगे आग जलाई थी। जिसके चारों ओर घूमते हुए वे तिल, गुड़, चावल और भुने मक्के की आहुति देकर अग्निदेव की पूजा कर रहे थे और आने वाले दर्शकों को रेवड़ी, मूंगफली और पॉपकार्न बांट रहे थे।

अगला टैंट उत्तर प्रदेश राज्य का था। जहां गंगा के घाटों में लगे मेले, रंग-बिरंगी पतंगें, घी-खिचड़ी, तिल, गुड़ और मूंगफली की बहार थी। वहां इस बार प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया था। इन प्रदेशों के साथ सुमित और मुकेश को कुछ और प्रदेशों की टैंट में भी वहां की मोहक झांकियां देखने को मिलीं।

सुमित और मुकेश अपने देश की इस बहुरंगी संस्कृति से परिचित होकर बहुत खुश थे। उन्हें सर्दी के अंत और वसंत ऋतु की शुरुआत का यह पर्व मकर संक्रांति अपने लिए वर्ष की शुरुआत का सर्वोत्तम उपहार लगा। *

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## खिचड़ी का त्योहार

चटनी, पापड़, दही, अचार,
खिचड़ी बनी मसालेदार।
ऊपर से जब डाला घी,
खाने को ललचाया जी।
साथ अगर हो ग्रीन सलाद,



क्या कहने खिचड़ी के स्वाद!
खुश होते खाने के बाद,
कई दिनों तक रहता याद।
खिचड़ी मेल-जोल का पर्व,
इस पर हम सबको है गर्व।
खिचड़ी के दिन करके स्नान,
हम करते हैं इसका दान।
दान-पुण्य से मिलती शांति,
कहते इसे मकर संक्रांति।
खिचड़ी का दिन, नई उमंग,
चलो उड़ाएं आज पतंग।

## रंग भरो-166

**रंग भरो-166** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






आदित्य, खैरागढ़



आयुषी, रायपुर



अहाना, बिलासपुर



वैभव, दुर्ग



रूही, अंबिकापुर



कल्पित, रोहतक

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अंकित-धमतरी, डॉली-मटियारी, हिताक्षी-महेंद्रगढ़, पलक-धमतरी, रितेश-मटियारी, शौर्य-रोहतक, सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, हितेश-दिल्ली

## रंग भरो 167



बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में मोनू मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने जा रहा है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में अलग-अलग कलर्स और डिजाइंस की कई पतंगें दिखाई दे रही हैं। तुम चित्र को ध्यान से देखो और गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितनी पतंगें हैं?



उत्तर : 17

निफ्टी में भी 162 अंक का नुकसान दर्ज

# विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 528 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और प्रमुख मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 528 अंक लुढ़क गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 162 अंक के नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। निवेशक कंपनियों के तिमाही परिणाम को लेकर असमंजस में हैं,



जिससे बिकवाली तेज हुई। इसके अलावा, चीन में बेहद कम मुद्रास्फीति का आंकड़ा खराब मांग का संकेत है। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का दिसंबर तिमाही का परिणाम बृहस्पतिवार को बाजार बंद होने के बाद आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 528.28 अंक की गिरावट के साथ 78,000 अंक के स्तर से नीचे 77,620.21 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 605.57 अंक तक टूट गया था। निफ्टी भी 162.45 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,526.50 अंक पर बंद हुआ।

### अमेरिका में बांड पर ब्याज बढ़ा

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एशिया के अन्य बाजारों की तरह भारतीय शेयर बाजारों में भी गिरावट रही। निवेशकों के सतर्क रुख के साथ अमेरिकी बांड में बिकवाली की गयी। अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल अप्रैल, 2024 से उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

## साित्वक ग्रीन एनर्जी को मिला 1500 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** सात्विक ग्रीन एनर्जी को एक प्रमुख ऊर्जा उत्पादक कंपनी से एक गीगावाट सौर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति के लिए 1,500 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। सात्विक अनुकूलित विनिर्देशों के तहत कैलेंडर वर्ष 2025 में उन्नत प्रौद्योगिकी 'एन-टॉपकॉन' सौर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति करेगी। सात्विक ग्रीन एनर्जी के सीईओ प्रशांत माथुर ने बयान में कहा, 'यह एक गीगावाट का ठेका हासिल करना नवाचार, गुणवत्ता तथा स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।'

# 'ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0' आज, सीएम साय करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 10 और 11 जनवरी को दो दिवसीय ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0 आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'विजन 2030' के तहत स्टील उद्योग की दिशा और विकास पर चर्चा करना है।

रायपुर स्थित पांच सितारा होटल मेफेयर लेक रिसार्ट में होने वाले इस कॉनक्लेव में देशभर के 17 राज्यों से करीब 1500 प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह



■ मेफेयर लेक रिसार्ट में होगा दो दिवसीय नेशनल कॉनक्लेव

कॉनक्लेव छत्तीसगढ़ स्टील रि-रोलर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ स्पॉंज आयरन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। कॉनक्लेव के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

### सवा घंटे का विशेष सत्र

उद्घाटन सत्र के बाद एक से सवा घंटे का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें विषय के विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। शाम को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में मुंबई का प्रसिद्ध मीट ब्रदर्स ग्रुप प्रस्तुति देगा। छत्तीसगढ़ स्टील रि रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, महासचिव बांकेबिहारी अग्रवाल एवं इवेन्ट चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने आशा जताई है कि यह कॉनक्लेव स्टील उद्योग के विकास के लिए नए दृष्टिकोण और रणनीतियों का मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

# सरकार आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल को 35,000 करोड़ की एलपीजी सब्सिडी देगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) को 35,000 करोड़ रुपये की रसोई गैस यानी एलपीजी सब्सिडी दे सकती है। यह सब्सिडी इस वित्त वर्ष में ईंधन बेचने पर हुए नुकसान की भरपाई के लिए दिये जाने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। तीन ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने कच्चे माल की लागत



में वृद्धि के बावजूद मार्च, 2024 से घरेलू एलपीजी की कीमत 803 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर अपरिवर्तित रखी है। इससे एलपीजी की बिक्री पर उन्हें नुकसान हुआ है। मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में उद्योग के लिए एलपीजी बिक्री पर कुल 'अंडर-रिकवरी' यानी नुकसान लगभग 40,500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इसके एवज में सरकार दो वित्त वर्षों के लिए कुल मिलाकर 35,000 करोड़ रुपये उपलब्ध करा सकती है।

### सब्सिडी का प्रावधान बजट में करने की संभावना

सूत्रों ने कहा कि आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 10,000 करोड़ रुपये और शेष 25,000 करोड़ रुपये अगले वित्त वर्ष में मिलने की संभावना है। सब्सिडी का प्रावधान 2025-26 के केंद्रीय बजट में किए जाने की संभावना है।

दिसंबर तिमाही लाभ बढ़कर 12,380 करोड़ रहा

# टीसीएस का शुद्ध लाभ बढ़कर 12 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 11.95 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। हालांकि, इस दौरान कंपनी के कर्मचारियों की संख्या पांच हजार से ज्यादा घट गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 11,058 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।



### कंपनी का शेयर बाजार में नुकसान में बंद

कंपनी के निदेशक मंडल ने 76 रुपये प्रति शेयर लाभांश की घोषणा की है, जिसमें 66 रुपये प्रति शेयर का विशेष लाभांश भी शामिल है। टीसीएस ने टाटा समूह की एक कंपनी से 1,625 करोड़ रुपये में बेंगलुरू में भूमि बैंक के अधिग्रहण की भी घोषणा की।

# टाटा मोटर्स की वैश्विक बिक्री एक फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की वैश्विक स्तर पर थोक बिक्री अक्टूबर-दिसंबर, 2024 की तिमाही में एक प्रतिशत बढ़कर 3,41,791 इकाई पर पहुंच गई। इसमें ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की बिक्री का आंकड़ा भी शामिल है। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित उसकी यात्री वाहनों की वैश्विक थोक बिक्री 1,39,829 इकाई रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही की तुलना में एक प्रतिशत अधिक है। जगुआर लैंड रोवर के लिए सीजेएलआर (चीन में जेएलआर तथा चेरी ऑटोमोबाइल्स के बीच एक संयुक्त उद्यम) के अलावा वैश्विक थोक बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत अधिक 1,04,427 इकाई रही। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में जगुआर की थोक बिक्री 5,604 इकाई और लैंड रोवर की थोक बिक्री 98,823 इकाई रही।

# लोग तय करें, उन्हें चीजें मुफ्त चाहिए या बेहतर सुविधाएं

एजेंसी ▶▶| पणजी



अर्थशास्त्री और 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोगों को यह तय करना है कि उन्हें मुफ्त की चीजें चाहिए या फिर वे बेहतर सड़कें, अच्छी जल निकासी व्यवस्था और बेहतर जलापूर्ति की सुविधा चाहते हैं।

चेयरमैन ने यहां आयोग के प्रतिनिधिमंडल और गोवा के शीर्ष मंत्रियों और अधिकारियों के बीच एक बैठक के बाद यह बात कही। राज्यों के बुनियादी ढांचे के लिए आवंटित धन का कथित तौर पर मुफ्त चीजें बांटने के लिए उपयोग किए जाने के बारे में पूछे गये एक सवाल पर, पनगढ़िया ने कहा कि यदि पैसा परियोजनाओं के लिए दिया गया है, तो इसका उपयोग उन कार्यों के लिए ही किया जाना चाहिए। हालांकि, लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार ही अंतिम निर्णय करती है। उन्होंने कहा, 'निर्णय वित्त आयोग नहीं करता है। वित्त आयोग वृहद आर्थिक स्थिरता के हित में इस मुद्दे को उठा सकता है। आयोग सामान्य स्तर पर कुछ कह सकता है लेकिन यह नियंत्रित नहीं कर सकता कि राज्य राशि कैसे खर्च करें।' पनगढ़िया ने कहा कि जिम्मेदारी अंततः नागरिकों पर है, क्योंकि वे सरकारें चुनते हैं।

### मुफ्त सुविधाओं के लिए वोट करेंगे तो मुफ्त चीजें मांगेंगे

पनगढ़िया ने कहा, 'अगर नागरिक मुफ्त सुविधाओं पर आधारित सरकार के लिए वोट करते हैं, तो वे मुफ्त चीजें मांगेंगे। अंततः, नागरिकों को यह तय करना चाहिए कि वे क्या चाहते हैं। क्या वे बेहतर सुविधाएं, बेहतर सड़कें, बेहतर जल निकासी सुविधा, बेहतर पानी चाहते हैं या फिर मुफ्त की चीजें चाहते हैं जिसमें आपके बैंक खातों में राशि का अंतरण भी शामिल है।'

# सेबी मोबाइल नेटवर्क सर्विस की तरह 'डीमैट अकाउंट' पोर्टेबिलिटी की तैयारी में जुटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जिस तरह से किसी मोबाइल नेटवर्क की सर्विस पसंद नहीं आने पर हम उसे किसी और सर्विस पर पोर्ट करा देते हैं, ठीक उसी तरह से सर्विस पसंद नहीं आने पर जल्द ही डीमैट अकाउंट को भी पोर्ट किया जा सकेगा। इसके लिए सेबी का मास्टर प्लान जल्द आएगा। डीमैट अकाउंट पोर्टिबिलिटी सिस्टम के तहत आप अपने डीमैट अकाउंट को बंद कराए बिना एक डिपोजिटरी या ब्रोकिंग हाउस से दूसरे जगह ट्रांसफर करा सकेंगे। यानी कि अगर मौजूदा ब्रोकर्स की सर्विस आपको पसंद नहीं आ रही



है, तो आप इसे दूसरी जगह शिफ्ट करा सकेंगे और वह भी बिना किसी परेशानी के। बता दें कि कोरोना के बाद से भारत में डीमैट अकाउंट ज्यादा से ज्यादा संख्या में खोले गए। साल 2024 में डीमैट अकाउंट्स की संख्या में 46 मिलियन तक की बढ़ोतरी हुई, जो यह दर्शाता है कि हर महीने औसतन 3.8 मिलियन डीमैट अकाउंट खोले गए।

# साफ्टवेयर के कारण सोने के आयात की गणना में हुई त्रुटि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने के आयात आंकड़ों की सुव्यवस्थित रिपोर्टिंग के लिए एसईजेड डेटा को एनएसडीएल सॉफ्टवेयर से आइसगेट तंत्र में स्थानांतरित करने की सरकार की पहल के कारण पीली धातु के आयात की दोहरी गणना हुई, जिससे आंकड़े बढ़े हुए आए थे। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अब इस समस्या को काफी हद तक ठीक कर लिया गया है। संशोधन से व्यापार घाटे (आयात और निर्यात के बीच अंतर) की वास्तविक तस्वीर सामने आई है, जो पहले बहुत अधिक दिख रहा था। नवंबर के घाटे को अब 37.84 अरब डॉलर से

■ एसईजेड डेटा को एनएसडीएल सॉफ्टवेयर में स्थानांतरित किया गया



घटाकर लगभग 32.8 अरब डॉलर कर दिया जाएगा। इसी तरह, कुल आयात संख्या में भी संशोधन होगा। सुधार के कारण, वाणिज्य मंत्रालय ने नवंबर के लिए सोने के आयात के आंकड़ों को पांच अरब डॉलर घटाकर 9.84 अरब डॉलर कर दिया है और चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों के लिए आयात के आंकड़ों को 11.7 अरब डॉलर घटाकर 37.38 अरब डॉलर कर दिया है। यह दोहरी गणना इसलिए हुई क्योंकि देश में आयात और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) से घरेलू शुल्क क्षेत्र (डीटीए) को दी जाने वाली मंजूरी की गणना तकनीकी गड़बड़ियों के कारण दो बार हो गई।





**13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा यह महाआयोजन**

प्रयागराज में गुरुवार को आध्यात्मिक उत्सव

# शंकराचार्य महाराज की भव्य पेशवाई

*प्रयागराज। प्रयागराज के महाकुंभ नगर में 9 जनवरी को जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज की भव्य पेशवाई निकाली गई। यह आयोजन पत्थरचट्टी रामबाग से प्रारंभ हुआ और अपनी ऐतिहासिक भव्यता के लिए चर्चा में रहा। इस दौरान पेशवाई में चल रहे साधुओं ने अलग-अलग करतब भी दिखाए। पेशवाई के मार्ग में 108 स्थानों पर हजारों श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य जी का भव्य स्वागत किया गया। यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं के लिए बल्कि प्रयागराज के लोगों के लिए भी एक अनोखा अनुभव रहा। पेशवाई का मार्ग पत्थरचट्टी से मलाका सब्जी मंडी, मोती महल चौराहा, चमेलीबाई धर्मशाला, जानसेनगंज, चौक घंटाघर, बहादुरगंज, और कीटगंज से होता हुआ बांध के रास्ते कुंभ मेला क्षेत्र में पहुंचा। शंकराचार्य शिविर में पेशवाई का समापन हुआ।*









## गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने का संदेश

### आकर्षण के केंद्र

इस पेशवाई में संत महात्माओं की उपस्थिति, ढोल-ताशे, डमरू व नृत्य प्रस्तुतियों ने आयोजन को और भी आकर्षक बनाया। यह आयोजन पूरे मार्ग पर एक आध्यात्मिक उत्सव जैसा प्रतीत हुआ।

### गौ माता के प्रति समर्पित

**श्रद्धालुओं ने किया ऐतिहासिक स्वागत**

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इस पेशवाई को गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के उद्देश्य से समर्पित किया। यह संदेश श्रद्धालुओं के दिलों में गहरी छाप छोड़ गया। इस भव्य आयोजन के दौरान मार्ग में भारी भीड़ और यातायात जाम देखा गया। यह पेशवाई महाकुंभ नगर के इतिहास में अपनी भव्यता और उद्देश्यों के लिए विशेष स्थान रखती है। शंकराचार्य की उपस्थिति और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने का संदेश इसे और भी महत्वपूर्ण बनाता है।

भाजपा नेता के खिलाफ आप संयोजक ने की शिकायत

# मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले केजरीवाल प्रवेश वर्मा के यहां तुरंत रेड मारने कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। खबरों की मानें, तो इस दौरान आपके मुखिया ने बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के घर पर रेड डालने की अपील की है और उन पर महिलाओं को 11,00-11,00 रुपये बांटने का भी आरोप लगाया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आप के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की चिट्ठी दी है। जिसमें उन्होंने बीजेपी नेता प्रवेश वर्मा के घर पर तुरंत रेड डालने की अपील की है। इसके साथ ही उन पर आचार सहिंता के उल्लघंन का भी आरोप लगाया गया। वहीं इस मुलाकात के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो चलन अभी चल रहा है, वह पूरी चुनाव प्रक्रिया को एक बड़ा तमाशा बना देगा। चुनाव आयोग ने हमें भरोसा दिलाया है कि वह सख्त कार्रवाई करेगा और प्रक्रिया को पटरी पर लाने का प्रयास करेगा।



### मुलाकात में सीएम आतिशी संजय सिंह भी रहे शामिल

आतिशी, अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने चुनाव अधिकारियों से मुलाकात की। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुख्य चुनाव अधिकारी तो नहीं मिले। बाकी दोनों इलेक्शन कमीशनर्स मौजूद थे। हमारे जो मोटे-मोटे मुद्दे थे। उनमें से एक था नई दिल्ली विधानसभा के अंदर 15 दिसंबर के बाद से सात जनवरी तक 22 दिन में साढ़े पांच हजार वोट कटने के लिए आ गए हैं। नई दिल्ली विधानसभा में कुल वोट एक लाख है और साढ़े पांच प्रतिशत वोट कटने के लिए पिछले 22 दिन में आ गए हैं। उससे पहले नहीं आए थे इतने...इन वोट्स को काटने की एप्लीकेशन जिनके नाम पर दी गई। उन्होंने निर्वाचन अधिकारी से सुनवाई के दौरान कहा कि उन्होंने वोट काटने की ऐसी कोई एप्लीकेशन नहीं दी हैजाहिर तोर पर ये वोटों में गड़बड़ी हुई है। इसका मतलब है कि बहुत बड़ा स्कैम चल रहा है।

### दिल्ली में 5 फरवरी को होंगे चुनाव

बता दें कि चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर तारीखों का ऐलान कर दिया है। 5 फरवरी को वोटिंग होगी और 8 फरवरी को रिजल्ट घोषित किए जाएंगे। बीजेपी नेता प्रवेश वर्मा इस बार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरे हैं। वहीं कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को नई दिल्ली विधानसभा सीट से टिकट दिया। इन तीनों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

### प्रवेश पर लगाए ये आरोप

खबरों की मानें, तो अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी के नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर महिलाओं को खुले में रुपये बांटने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी का प्रवेश वर्मा पर आरोप है कि वह नौकरियों का झांसा देकर लोगों से वोट मांग रहे हैं और चुनाव की आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। इसलिए अरविंद केजरीवाल ने डीईओ को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड और ट्रांसफर करने की भी मांग की है।

# कोचिंग हब कोटा में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में कमी

एजेंसी ▶▶| कोटा

कोचिंग हब के रूप में प्रसिद्ध कोटा में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में 2023 के मुकाबले 2024 में 50 प्रतिशत की कमी आई है। 2024 में कुल 17 आत्महत्या की घटनाएं हुईं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 26 था। कोटा के जिलाधिकारी रवींद्र गोस्वामी ने इसे प्रशासन की ठोस कोशिशों और सख्त दिशा-निर्देशों का परिणाम बताया है। हालांकि, इस सकारात्मक विकास के बावजूद कोटा में कोचिंग संस्थानों और छात्रावासों के कारोबार में गिरावट देखी जा रही है।

### प्रशासन की पहल और सुरक्षा उपाय

इस कमी को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने कई प्रभावी कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि ₹डिनर विद कलेक्टर₹ और ₹संवाद₹ जैसे संवादात्मक सत्रों के जरिए छात्रों के साथ सीधा संवाद किया गया। इसके अलावा, एसओएस हेल्प सेवाओं की तैनाती, हॉस्टल वार्डनों के लिए गेट-कीपर प्रशिक्षण और छात्राओं की सुरक्षा के लिए कालिका दस्ते की तैनाती जैसे कदम उठाए गए हैं। इन पहलों ने छात्रों की मानसिक स्थिति और सुरक्षा को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### कोचिंग उद्योग पर असर

हालांकि आत्महत्या की घटनाओं में कमी आई है, कोचिंग उद्योग के कारोबार पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कोटा में पहले सालाना 2-2.5 लाख छात्र आते थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर 85,000 से 1 लाख तक सीमित हो गई है। इससे कोचिंग संस्थानों और छात्रावासों का वार्षिक राजस्व भी गिरकर 3,500 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पहले 6,500-7,000 करोड़ रुपये था।

### आगे की राह

*कोटा में आत्महत्या के मामलों में कमी प्रशासन के लिए एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन कोचिंग उद्योग के मंदी की स्थिति एक नई चुनौती बन गई है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन छात्रों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए कोचिंग उद्योग के संतुलन को बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाता है।*

तेजस्वी के बाद अब अब्दुल्ला का बड़ा बयान

# 'इंडिया ब्लॉक को अब खत्म कर देना चाहिए'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंडिया गठबंधन में दरार अब खुल कर सामने आ गई है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बाद अब नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इंडिया ब्लॉक के अस्तित्व को लेकर सवाल उठाया है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इसमें न एजेंडा है और न ही लीडरशिप। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें गठबंधन के सभी सदस्यों को बैठक के लिए बुलाना चाहिए। यदि यह गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव तक ही सीमित था, तो इसे समाप्त कर देना चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि लेकिन अगर इसका मतलब विधानसभा चुनावों से भी है तो हमें एक साथ बैठकर मिलकर काम करना होगा। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया ब्लॉक में दरार खुलकर सामने आ गयी है। समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी सहित कई पार्टियों ने कांग्रेस को दरकिनार करते हुए आप को समर्थन देने का ऐलान किया है।

*दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कही ये बात : अगले महीने होने वाले दिल्ली चुनावों से पहले आप के लिए बढ़ते समर्थन के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए अब्दुल्ला ने कहा, "मैं इस बारे में अभी कुछ नहीं कह सकता, क्योंकि दिल्ली चुनावों से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल तय करेंगे कि भाजपा से कैसे मजबूती से मुकाबला किया जाए।'*

### तेजस्वी ने भी उठाया था सवाल

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान कि इंडिया ब्लॉक केवल लोकसभा चुनावों के लिए है, पर जवाब देते हुए कहा कि जहां तक उन्हें याद है, इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई थी। मुद्दा यह है कि इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं बुलाई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि मुख्य नेतृत्व, पार्टी या भविष्य की रणनीति (इंडिया ब्लॉक में) के एजेंडे के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। गठबंधन जारी रहेगा या नहीं, यह भी स्पष्ट नहीं है। अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि शायद दिल्ली चुनावों के बाद इंडिया ब्लॉक के सदस्यों को बैठक के लिए बुलाया जाएगा और तब स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### मौजूदा चुनाव में आप की जीत पर यह कहा

यह कहते हुए कि आप पार्टी को पहले भी दिल्ली में दो बार सफलता मिली है, अब्दुल्ला ने कहा, 'इस बार हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि दिल्ली के लोग क्या फैसला करते हैं।' बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की पराजय के बाद से ही इंडिया गठबंधन के अस्तित्व को लेकर सवाल उठाये जा रहे थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा था कि वह इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व देने के लिए तैयार हैं। उसके बाद ही इंडिया ब्लॉक को लेकर बहस छिड़ गयी है।

# पैसा नहीं लौटाने पर ऑफिस पार्किंग में महिला सहकर्मी की चाकू मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶| पुणे

महाराष्ट्र के पुणे के एक कॉल सेंटर में काम करने वाले युवक ने मंगलवार को कंपनी की पार्किंग में सहकर्मी युवती की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस घटना का वीडियो गुरुवार को सामने आया। इसमें लड़की जमीन पर बैठी है और युवक उस पर चाकू से वार कर रहा है। इस दौरान वहां कई लोग खड़े दिखाई देते हैं, लेकिन कोई भी युवक को नहीं रोकता। जब युवक चाकू फेंककर जाने लगता है, तो लोग आगे बढ़ते हैं और उसे रोकते हैं। आरोपी युवक का नाम कृष्ण कनोजा (30) है। वह येरवाड़ा स्थित डब्लूएनएस ग्लोबल (एक बिजनेस

### पिता की खराब तबीयत का बहाना बनाकर लिए थे पैसे



प्रोसेस आउटसोर्सिंग कंपनी) में अकाउंटेंट हैं। उसने बताया कि उसकी सहकर्मी शुभदा कोदारे (28) ने कई बार उससे पैसे उधार लिए थे। उसने कहा कि महिला ने बताया था कि उसके पिता बीमार हैं और उनके इलाज के लिए पैसे की जरूरत है।

### दोनों के बीच हुई बहस

आरोपी ने कहा कि उसने शुभदा से पैसे वापस मांगे, तो शुभदा ने अपने पिता की हालत का हवाला देते हुए पैसे लौटाने से मना कर दिया। इसके बाद में मुझे उसे पता चला कि उसके पिता पूरी तरह स्वस्थ हैं। मंगलवार शाम करीब 6 बजे कनोजा ने कोदारे को उनके ऑफिस के पार्किंग एरिया में बुलाया, ताकि उससे इस बारे में बात कर सके और अपना पैसा वापस मांग सके। कोदारे ने पैसे लौटाने से मना कर दिया, जिससे बहस छिड़ गई, और गुस्से में कनोजा ने उसे किचिन वाले चाकू से मार दिया। लड़की को गंभीर चोट के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## परीक्षा पे चर्चा-2025 में पंजीकरण का आंकड़ा पहुंचा 2.79 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** बोर्ड कक्षाओं के छात्रों को तनाव मुक्त करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित 'परीक्षा पे चर्चा-2025' कार्यक्रम के 8वें संस्करण में भाग लेने के लिए अब तक देश-दुनिया से पंजीकरण कराने वाले छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों का आंकड़ा 2.79 करोड़ के पार पहुंच गया है। इसकी शुरुआत सरकार के ऑनलाइन माईगोव डॉट इन पोर्टल पर पिछले साल 14 दिसंबर 2024 को हुई थी और समापन इस महीने 14 जनवरी को होगा। कार्यक्रम का आयोजन जनवरी के महीने में किया जाएगा। जिसके लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय जल्द ही तारीखों का आधिकारिक रूप से ऐलान करेगा। मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि 2.79 करोड़ के साथ पंजीकरण का यह आंकड़ा रिकॉर्ड स्तर तक जा पहुंचा है। यह उल्लेखनीय प्रतिक्रिया एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में कार्यक्रम की बढ़ती लोकप्रियता को प्रदर्शित करती है। देश में जल्द ही बोर्ड परीक्षा की तारीखों की घोषणा की जाएगी। उससे पहले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर छात्रों में यह रुचि देखने को मिली है।

# कॉन्फिडेंस बढ़ाने कर्मचारियों को 'आग खिला' रही कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन की कई कंपनियों को लेकर अजीबो-गरीब तरह की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। अब एक बार फिर से चीन की एक कंपनी को लेकर ऐसी खबर सामने आई है कि दुनियाभर के लोगों के होश उड़े रह गए हैं।

इस कंपनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हो रहा है। दरअसल, चीन की एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों को आग के गोले मुंह में डालने के लिए मजबूर किया।

### मुंह में डालने थे आग के गोले

बताया जा रहा है कि टीम बिल्डिंग नाम की इस कंपनी ने अपने कर्मचारियों से जलती हुई रूई को अपने मुंह में डालकर बुझाने के लिए कहा। वहीं, लोग भी अपनी नौकरी बचाने के लिए इस काम को करने पर मजबूर हो गए। अब कंपनी की इस हरकत की सोशल मीडिया पर काफी निंदा की जा रही है। अब इस अनोखे इवेंट पर

### चीन की एक कंपनी का अजब प्रयोग



रोंगरोंग नाम की एक सोशल मीडिया पर यूजर ने खुलासा भी किया है। उन्होंने बताया कि वह कंपनी के इस कार्य में शामिल होने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं थीं।

### 60 लोगों ने लिया हिस्सा

रोंगरोंग का कहना है कि कंपनी के कई लोगों को नौकरी खोने का दबाव महसूस कराया गया। इस कार्य में लगभग 60 लोगों ने हिस्सा लिया और उन्हें 6 ग्रुप्स में बांट दिया गया। दूसरी ओर कंपनी ने इस गतिविधि को कराने का अपना मकसद कर्मचारियों को बताया कि वह ऐसा उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने और उनके डर पर काबू पाने के लिए करवा रहे हैं। इसके अलावा कंपनी के नेतृत्व में अपना दृढ संकल्प दिखाना भी उद्देश्य है। रोंगरोंग ने कहा कि वह कंपनी ने श्रम कानून का उलंघन किया है और वह कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने की योजना बना रही हैं।

### लोगों ने खूब किया ट्रोल

हालांकि, कंपनी ने फिलहाल खुद पर लगे इन आरोपों, कंपनी में हुई गतिविधि और सोशल मीडिया ट्रोलिंग को लेकर कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है। वहीं, कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे कंपनी का अपने कर्मचारियों पर नियंत्रण स्थापित करने का अभ्यास बताया है। कुछ लोगों ने इसे कंपनी की कार्रवाई को अधिकार का दुरुपयोग बताते हुए इसकी आलोचना की है।

*सुप्रीम कोर्ट ने की अहम टिप्पणी*

# 'माता-पिता से शिक्षा का खर्च लेना बेटी का अधिकार'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा है कि बेटी को अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च प्राप्त करने का वैध अधिकार है। अदालत ने कहा कि माता-पिता को बेटी की शिक्षा के लिए धन देने के वास्ते बाध्य किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि बेटी होने के नाते उसे अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च प्राप्त करने का अनिवार्य और कानूनी रूप से वैध अधिकार है। माता-पिता को बेटी की शिक्षा के लिए अपने साधनों के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान



करने के लिए बाध्य किया जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी वैवाहिक विवाद के एक मामले में की, जिसमें अलग रह रहे दंपति की बेटी ने अपनी मां को दिए जा रहे कुल गुजारा भत्ते के एक हिस्से के रूप में अपने पिता द्वारा उसकी पढ़ाई के लिए दिए गए 43 लाख रुपये लेने से इनकार कर दिया।

### पीठ का आदेश

पीठ ने दो जनवरी के अपने आदेश में कहा, 'बेटी होने के नाते उसे अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च प्राप्त करने का अनिवार्य, कानूनी रूप से योग्य और वैध अधिकार है। हमरा मानना है कि बेटी को अपनी शिक्षा जारी रखने का मौलिक अधिकार है और इसके लिए माता-पिता को अपने वित्तीय संसाधनों की सीमा के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है।' आदेश में कहा गया है कि दंपति की बेटी ने अपनी गरिमा बनाए रखने के लिए राशि लेने से इनकार कर दिया था और पिता से पैसे वापस लेने को कहा था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया था।

# आस्ट्रेलियन ओपन ड्रॉ : सिनेर-जोकोविच को मिला विपरीत ड्रॉ, सबालेंका से होगी स्टीफेंस की भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

गत चैंपियन यानिक सिनेर और दस बार के आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच को साल के पहले ग्रैंडस्लैम में विपरीत ड्रॉ मिला है जिससे अब पिछले साल की तरह दोनों की टक्कर सेमीफाइनल में नहीं हो सकती। सिनेर ने पिछले साल जोकोविच को सेमीफाइनल में हराया था और दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था।

### जारी की आसान चुनौती

शीर्ष रैंकिंग वाले सिनेर को पहले दौर में निकोलस जारी से खेलना है। उनके ड्रॉ में टेलर फ्रिट्ज, बेन शेल्टन और मेदवेदेव भी हैं। फ्रिट्ज का सामना पहले दौर में अमेरिका के जेंसन ब्रूकस्बी से होगा। जोकोविच और तीसरी रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज की टक्कर क्वार्टर फाइनल में हो सकती है।

### आस्ट्रेलियाई ओपन का आगाज 12 से, 15 दिन तक चलेगा टूर्नामेंट



### नए कोच के साथ उतरेंगे जोकोविच

जोकोविच पहली बार अपने नए कोच एंडी मर्रे के साथ आयेंगे जिनके खिलाफ वह खेल भी चुके हैं। मेलबर्न पार्क पर सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाले जोकोविच ने कहा कि एक साल यहां खेलने की अनुमति नहीं मिल पाने का दर्द अभी भी उन्हें हैं। कोरोना काल में टीका नहीं लगवाने के कारण जोकोविच को आस्ट्रेलियाई ओपन खेलने की अनुमति नहीं मिली थी।



### महिला वर्ग का ड्रॉ

महिला वर्ग में एरिना सबालेंका को 2017 अमेरिकी ओपन चैंपियन स्लोएने स्टीफेंस और 17 वर्ष की मीरा आंद्रीवा के साथ ड्रॉ मिला है। सबालेंका की नजरें लगातार तीसरे आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब पर होंगी और आखिरी बार 1997 से 1999 तक मार्टिना हिंगिस ही यह कमाल कर सकी हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ से उनकी सेमीफाइनल में टक्कर हो सकती है। गाफ को पहले दौर में पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन से खेलना है और सातवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला भी इसी ड्रॉ में है। दूसरी रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक और 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना ड्रॉ के दूसरे हाफ में हैं।

### पहली दौर में माचाक से भिड़ेंगे नागल



भारत के चोटी के एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल का सामना रविवार से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य के थॉमस माचाक से होगा। 27 वर्ष के नागल फिलहाल एटीपी रैंकिंग में 96वें स्थान पर हैं। उन्होंने शीर्ष 104 खिलाड़ियों में होने की वजह से सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई है। हरियाणा के इस खिलाड़ी ने पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 27वीं रैंकिंग वाले कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया था लेकिन अगले दौर में चीन के जुनचेंग शांग से हार गए। नागल डेविस कप खेलने से इनकार के कारण हाल ही में चर्चा में रहे थे।

## खबर संक्षेप



### चेनाई ने जीता सीनियर मास्टर ट्रैप खिताब

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन डारियस चेनाई ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में शॉटगन स्पर्धाओं में उत्तर प्रदेश के नबी इकबाल को शूटऑफ में हराकर सीनियर मास्टर पुरुष ट्रैप खिताब जीत लिया। तेलंगाना के डारियस और नबी 50 शॉट के फाइनल में 37 हिट लगाकर बराबरी पर थे लेकिन शूटऑफ में चेनाई ने 1-0 से जीत हासिल की। सात बार के राष्ट्रीय चैंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मुराद अली खान ने फाइनल में 23 शॉट के स्कोर से कांस्य पदक जीता।

### प्रणय मलेशिया ओपन के दूसरे दौर में हारे

**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय गुरुवार को यहां मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में चीन के लि शि फेंग से हारकर बाहर हो गए। भारतीय खिलाड़ी को सातवें वरीय लि से 8-21, 21-15, 21-23 से हार मिली। इससे पहले त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को चीन की जिया यि फान और झांग शु जियान से 21-15, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी।



**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी**
19 फरवरी को होगा टूर्नामेंट का आगाज

# पाकिस्तान तैयार नहीं कर पाया तीन स्टेडियम, दी नई डेडलाइन



एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर अब ज्यादा समय नहीं बचा है। टूर्नामेंट का आगाज 19 फरवरी को होगा। यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत हो रहा है। भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। बाकी मुकाबले पाकिस्तान के तीन शहर लाहौर, कराची और रावलपिंडी में होने हैं। मगर एक ओर जहां टूर्नामेंट सिर पर आ गया है, वहीं दूसरी ओर खबर सामने आ रही है कि अभी भी पाकिस्तान में तीनों स्टेडियम में काम चल रहा है। यानी तीनों स्टेडियम पूरी तरह तैयार नहीं हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल लगातार इन पर नजरें बनाए हुए हैं। इसी बीच बड़ी खबर यह भी सामने आ रही है कि पाकिस्तान ने स्टेडियम तैयार कर आईसीसी को सौंपने की तारीख बढ़ा दी है। पहले यह तारीख 31 दिसंबर 2024 थी, जिसे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बढ़ाकर 26 जनवरी कर दी है। ऐसे में एक तरह जहां टूर्नामेंट सिर पर है, वहीं पाकिस्तान तारीख पर तारीख कर रहा है।

### गद्दाफी स्टेडियम का काम अधूरा

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम की क्षमता 35 हजार दर्शकों की गई है। पूरे स्टेडियम में नई कुर्सियां लगाई गई हैं। 480 एलईडी लाइट्स लगाए गए हैं। अगले हफ्ते तक दो डिजिटल रीप्ले स्क्रीन्स भी लग जाएंगे। पीसीबी के मुताबिक, यह स्टेडियम जनवरी के आखिरी हफ्ते तक तैयार हो जाएगा।

### मेजबान बोर्ड की जिम्मेदारी

स्टेडियम तैयार करने की जिम्मेदारी मेजबान बोर्ड की है, जबकि पिच पर भी उनके द्वारा ही काम किया जाना है। यदि कोई जरूरत होती है, तो उस स्थिति में आईसीसी मैनेजर इस पर ध्यान देंगे। जबकि आईसीसी का सपोर्ट पीरियड 12 जनवरी से शुरू होगा। आगे देखा जाएगा कि होता क्या है। जहां तक स्टेडियम निर्माण का सवाल है और यह अपने सही समय पर पूरा नहीं हो पाता है, तो दूसरा विकल्प हमेशा ही मौजूद रहता है। हालांकि इस पूरे मामले पर अभी कोई कमेंट करना सही नहीं होगा।

13 से आगाज

# प्रतीक, प्रियंका को खो-खो विश्व कप में भारतीय टीमों की कमान





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में 13 जनवरी से शुरू होने वाले खो-खो विश्व कप के उद्घाटन सत्र में प्रतीक वायकर भारतीय पुरुष टीम जबकि प्रियंका इंगले महिला टीम की कप्तानी करेंगी। टूर्नामेंट 13 से 19 जनवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

भारतीय पुरुष टीम शुरुआती दिन (13 जनवरी) नेपाल से भिड़ेगी, जबकि महिला टीम 14 जनवरी को दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। इस दौरान मुन्नी जून महिला टीम के लिए मुख्य कोच के रूप में काम करेंगी, जबकि अश्विनी कुमार पुरुष टीम के सलाहकार होंगे। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने खो-खो विश्व कप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजर जनरल विक्रम देव डोगरा के साथ गुरुवार को इसकी घोषणा की। मित्तल ने टीमों की जर्सी में एक विशेष बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि पुरुष और महिला दोनों टीमें की जर्सी पर 'भारत' लिखा होगा। खेलों में भारतीय टीम की जर्सी पर आमतौर पर 'इंडिया' लिखा होता है।

## शिवा, सचिन राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन चमके

**बरेली।** गत चैंपियन शिवा थापा ने आठवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गुरुवार को वेल्टरवेट (60 से 65 किलोवर्ग) में इनायत खान पर जीत दर्ज की। असम के लिए खेल रहे थापा लंदन ओलंपिक 2012 के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे युवा भारतीय मुक्केबाज बने थे। उन्होंने पहले दौर में इनायत को 5-0 से मात दी। पूर्व विश्व युवा चैंपियन सचिन सिवाच ने सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के लिए खेलते हुए अक्षय को 5-0 से हराया। दूसरे दिन राजस्थान के देवांश सोलंकी ने उत्तर प्रदेश के विकास सिंह को फ्लायवेट (47 से 50 किलो) वर्ग में हराया। इसी वर्ग में छत्तीसगढ़ के आशुतोष यादव ने गुजरात के अकलीम खान को मात दी। राजस्थान के प्रियदर्शी सिंह अशिया (लाइट मिडिलवेट), पुष्पेंद्र सिंह (क्रूसरवेट) और हर्ष चौधरी (हैवीवेट) ने भी जीत दर्ज की।



### अगले कप्तान हो सकते हैं बुमराह : गावस्कर



**सिडनी।** जसप्रीत बुमराह की टीम की नेतृत्व क्षमता से प्रभावित पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अनुमान लगाया कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाला यह तेज गेंदबाज रोहित शर्मा के बाद भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करेगा। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों में 32 विकेट लिए। यह ऑस्ट्रेलिया में किसी विदेशी तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बुमराह की कप्तान में टीम ने पर्थ में खेले गये इस श्रृंखला के शुरुआती मैच में जीत दर्ज की थी।

# सेंथिल और माया ने जे300 के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सेंथिल कुमार को गुरुवार को यहां आईटीएफ जे300 टेनिस स्पर्धा के लड़कों के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी जबकि प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के नाम वापस लेने से माया राजेश्वरन लड़कियों के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की करने में सफल रही। शीर्ष वरीयता प्राप्त और खिताब के दावेदार सेंथिल ने हमवतन समर्थ सहिता को शिकस्त दी।

विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान पर काबिज सेंथिल ने 280वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी के खिलाफ 6-3, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में सेंथिल के सामने कोरिया के डोंगह्युन ह्वांग की चुनौती होगी। चौथी वरीयता प्राप्त ह्वांग ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में भारतीय खिलाड़ी अर्नव पापारकर को 4-6, 6-4, 7-5 से हराया। महिला एकल में माया ने वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से बाहर करने का सफर जारी रखा है। सातवीं वरीयता प्राप्त राडा जोलोटारेवा के मुकाबले के बीच से हटने के कारण वह सेमीफाइनल में पहुंच गयी। यह मैच जब रोका गया तब माया 6-3 1-0 से आगे चल रही थी। माया के सामने सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिजा इनिसन की मुश्किल चुनौती होगी। इनिसन ने सर्बिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पेट्रा कोलजिकुसिक को 7-5, 6-0 से हराया।



### भांबरी-ओलिवेटी खिताब से दो कदम दूर

**नई दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अलबानो ओलिवेटी ने बृहस्पतिवार को पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को हराकर उलटफेर करते हुए ऑकलैंड में एटीपी250 प्रतियोगिता एएसबी क्लासिक के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भांबरी और ओलिवेटी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने ब्रिटेन की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को एक घंटे 21 मिनट में 3-6 6-4 12-10 से शिकस्त दी।

# मैकस्वीनी आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल, स्मिथ होंगे कप्तान

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

नाथन मैकस्वीनी को श्रीलंका दौरे के लिए आस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जबकि तीन सप्ताह पहले ही उन्हें टीम से बाहर किया गया था।

आस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने दो टेस्ट के दौरे के लिए गुरुवार को टीम का ऐलान किया जिसमें कई नए चेहरों को जगह दी गई है। आस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारत को 3-1 से हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाई। नियमित कप्तान पैट कमिंस अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण ब्रेक पर है लिहाजा स्टीव स्मिथ आस्ट्रेलिया की कमान संभालेंगे। मैकस्वीनी ने भारत के खिलाफ पहले तीन टेस्ट में 14.4 की औसत से 72 रन बनाए जिसके बाद उनकी जगह सैम कोंस्टास को मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में टीम में शामिल किया गया। श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट 29 जनवरी से और दूसरा छह फरवरी से खेला जाएगा। एक वनडे मैच 13 फरवरी को गॉल में ही होगा।






# मंधाना की कप्तानी में भारत देगा चुनौती

एजेंसी ▶▶| राजकोट

■ आयरलैंड के खिलाफ आज से शुरू हो रही पहली वनडे श्रृंखला



वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम स्मृति मंधाना की कप्तानी में आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही पहली महिला द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में इस लय को कायम रखना चाहेगी। भारत ने वेस्टइंडीज को वनडे श्रृंखला में 3-0 से और टी20 में 2-1 से हराया। मंधाना ने दोनों प्रारूपों में सर्वाधिक रन बनाए जिसमें वनडे श्रृंखला में 148 और टी20 में 193 रन शामिल है। मंधाना उसी फॉर्म को आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में जारी रखना चाहेंगी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में वह कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालेंगी। हरमनप्रीत और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को आराम दिया गया है। हरमनप्रीत और रेणुका की गैर मौजूदगी में हरलीन देयोल, प्रतीका रावल और जेमिमा रौड्रिग्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। देयोल ने वनडे श्रृंखला में 160 रन बनाए जबकि रावल ने 134 और जेमिमा ने 112 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में रेणुका की कमी खलेगी जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दस विकेट लिए थे। अब नई गेंदबाज टिटास साधू और साइमा ठाकोर पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। वनडे में तीन और टी20 में 13 विकेट ले चुकी साधू पर शुरुआती विकेट लेने की जिम्मेदारी होगी।






# दुनिया के कुछ रोचक और हैरान करने वाले तथ्य, जिनके बारे में जानकर नहीं कर पाएंगे यकीन

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

दुनिया की रहस्यमयी और रोचक कहानियां हैं। इनके बारे में बेहद कम लोग जानते हैं। रहस्यमयी होने के साथ ही यह हैरान भी करती हैं। कई ऐसी चीजें भी हैं, जो बेहद रोचक और हैरान करने वाली हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ही रोचक तथ्यों के बारे में बताएंगे। दुनिया में शहद एक ऐसा पदार्थ है, जो कभी खराब नहीं होता है। यह हजारों साल तक सुरक्षित रहता है। वैज्ञानिकों को कई बार खोज के दौरान मिस्र की प्राचीन कब्रों में से हजारों साल पुराना शहद मिला है, जो अभी भी खराब नहीं हुआ है।

## कुत्ते के बारे में रोचक तथ्य



कुत्ता करीब 165 शब्द सीख सकता है। अगर गहन प्रशिक्षण दिया जाता है, तो वह 250 शब्दों के करीब सीख सकता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कुत्तों में 2 साल के बच्चे के समान ही बुद्धि होता है। एक शोध में यह दावा किया गया है।



## शुतुरमुर्ग

शुतुरमुर्ग एक ऐसा पक्षी है, जो उड़ नहीं सकता। यह पक्षियों की सबसे बड़ी जीवित प्रजातियों मे शामिल है। किसी भी अन्य जीवित पक्षी प्रजाति की तुलना में मादा शुतुरमुर्ग सबसे बड़े अंडे देती है। बेहद कम लोगों को पता होगा कि शुतुरमुर्ग की आंखें उसके दिमाग से भी बड़ी होती हैं।

## कुंग-फू कला



चीन को भले ही कुंग-फू कला में महारत हासिल है, लेकिन उसे यह कला सिखाने वाला एक भारतीय था। इनका नाम बोधिधर्म था, जिन्हें उन्हें बोधिधर्मन भी कहा जाता है। कहते हैं कि वह बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए चीन गए थे, जहां उन्होंने कई लोगों को अपना शिष्य बनाया और उन्हें प्राचीन युद्ध कला 'कलरी पट्टू' सिखाई। बाद में इसी 'कलरी पट्टू' को स्थानीय भाषा में कुछ बदलावों के साथ कुंग-फू नाम दिया गया।

**पानी की बोतल :** पानी की बोतल पर आपने कई बार लिखी एक्सपायरी डेट भी देखी होगी। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि बोतल पर जो एक्सपायरी डेट लिखी होती है, वो पानी की नहीं बल्कि बोतल की होती है। पानी तो खराब ही नहीं होता है।

## ब्लू व्हेल



दुनिया की सबसे बड़ी मछलियों में से एक व्हेल को तो आपने देखा ही होगा। वैसे तो इनका वजन 1400 किलो के आसपास होता है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि सैकड़ों टन वजनी ब्लू व्हेल के दिल का वजन करीब 181 किलो होता है।

# चीन के थ्री गॉर्जेस बांध ने बदली पृथ्वी के घूमने की रफ्तार, नासा दे रहा चेतावनी

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीनी सरकार तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बना रही है। इस बांध से ना सिर्फ तिब्बत, बल्कि भारत और बांग्लादेश के लिए भी खतरा पैदा होगा। एक तरफ दुनियाभर के एक्सपर्ट हिमालयी क्षेत्र में बन रहे इस बांध के खतरे से आगाह कर रहे हैं तो वहीं नासा ने चीन नें पहले से मौजूद अभी तक के सबसे बड़े बांध 'थ्री गॉर्जेस डैम' पर बड़ा खुलासा किया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अपनी एक रिसर्च के आधार पर दावा किया है कि चीन के थ्री गॉर्जेस डैम की वजह से धरती के घूमने की गति कम हुई है। टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के इस बांध की वजह से धरती के घूमने की रफ्तार में 0.06 माइक्रोसेकंड की कमी आई है। यह दिखाता है कि इंसान की बनाई चीजें पृथ्वी की प्राकृतिक प्रक्रियाओं को किस तरह प्रभावित कर सकती हैं। नासा ने बताया है कि चीन में थ्री गॉर्जेस डैम से पृथ्वी के घूमने की गति में आया 0.06 माइक्रोसेकंड का बदलाव भले ही मामूली लगे, लेकिन इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यह बताता है कि इंसान को बड़े निर्माण करते हुए सतर्क रहने की जरूरत है, ताकि इससे कुदरत प्रभावित ना हो।

## ड्रैगन की ब्रह्मपुत्र नदी पर सबसे बड़ा डैम बनाने की तैयारी



## कैसे बदली धरती की रफ्तार

नासा के अनुसार थ्री गॉर्जेस डैम में जिस बड़ी तादाद में पानी जमा होता है, उससे पृथ्वी की सतह पर द्रव्यमान का वितरण बदल जाता है। घूर्णन गतिकी के चलते ये पृथ्वी के जड़त्व आघूर्ण को बदलता है। जड़त्व आघूर्ण किसी वस्तु के घूमने के प्रतिरोध का माप है। नासा के बेंजामिन फोंग चाओ के अनुसार, पृथ्वी का जड़त्व आघूर्ण उसके घूमने की क्षमता को प्रभावित करता है। अगर अधिक द्रव्यमान ध्रुवों की ओर स्थानांतरित हो जाए, तो पृथ्वी तेजी से घूम सकती है। द्रव्यमान भूमध्य रेखा की ओर फैले तो वह धीमी गति से घूमती है। यांग्त्जी नदी के बांध के कारण पानी हटने से यह संतुलन बदला है, जिससे पृथ्वी का घूर्णन धीमा हो गया है।

## तिब्बत में नया खतरा पैदा कर रहा चीन

चीन अब थ्री गॉर्जेस डैम से भी बड़ा बांध बनाने की तैयारी में जुटा है। चीन ये बांध तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर बना रहा है, जो दुनिया का सबसे बड़ा बांध (थ्री गॉर्जेस डैम से भी बड़ा) होगा। चीन की ये परियोजना भी कई तरह के विवादों में है। तकरीबन 137 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत वाली इस विशाल परियोजना का पर्यावरण के साथ-साथ आसपास के लोगों पर बुरा असर हो सकता है। ऐसे में ये दुनिया के सामने नई मुश्किल खड़ी कर सकता है।

## 22,500 मेगावाट बिजली पैदा करता है थ्री गॉर्जेस डैम

चीन का थ्री गॉर्जेस डैम मानव निर्मित सबसे बड़ी संरचनाओं में से एक है। यह यांग्त्जी नदी से 185 मीटर (607 फीट) ऊंचा है और 2 किलोमीटर (1.2 मील) से ज्यादा लंबा है। इसका विशाल आकार 40 अरब घन मीटर पानी को समाहित कर सकता है। पानी की यह विशाल मात्रा पर्यावरणीय प्रभाव डालते हुए पृथ्वी के घूर्णन को बदल रही है। दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत बांध होने के नाते थ्री गॉर्जेस डैम 22,500 मेगावाट बिजली पैदा करता है, जो कई देशों की क्षमता से भी ज्यादा है।

### दूर-दूर से देखने आते हैं लोग

# यह है 300 साल पुरानी रामचरितमानस भोजपत्र पर लिखा गया अद्भुत दस्तावेज

*बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में स्थित उदासीनाथ मठ में 300 साल पुरानी श्रीरामचरितमानस का अद्भुत संस्करण आज भी सुरक्षित है। यह प्राचीन रामचरितमानस भोजपत्र पर बिना किसी पन्ने के लिखी गई है। उस समय की तकनीक और लेखन शैली को देखते हुए यह एक बेजोड़ धरोहर है, जिसे आज की आधुनिक तकनीक भी चुनौती नहीं दे सकती।*

## भोजपत्र पर लिखी गई मानस की कहानी

उदासीनाथ मठ के 12वें मठाधीश नित्यानंद दास ने बताया, 'यह रामचरितमानस मठ के पांचवें मठाधीश ब्रह्मलीन शिवशंकर दास जी द्वारा भोजपत्र पर लिखी गई थी। यह उस समय की बात है जब कागज का आविष्कार नहीं हुआ था और लोग भोजपत्र पर लेखन करते थे। रामचरितमानस को पत्तियों और दवात की मदद से लिखा गया था। इसे देखने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं।'

## हर पन्ना आज भी सुरक्षित



300 सालों के बाद भी इस रामचरितमानस के सभी पन्ने सुरक्षित हैं। इसमें लिखे गए दोहे, चौपाई और छंद बड़े अक्षरों में स्पष्ट रूप से पढ़े जा सकते हैं। बड़े अक्षरों में लेखन उस समय की परंपरा का हिस्सा था। रामचरितमानस की लेखनी न केवल सुंदर है, बल्कि इसकी संरचना भी आश्चर्यजनक है।

## सुरक्षा की चुनौती

मठ के महंथ नित्यानंद दास इस अनमोल धरोहर की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, 'यह भारत का एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। हमारी कोशिश है कि इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखा जाए ताकि वे जान सकें कि हमारे पूर्वज किस तरह लेखन और ज्ञान को संरक्षित करते थे।'

## एक विरासत जो प्रेरणा देती है

यह रामचरितमानस भारत की प्राचीन संस्कृति और लेखन की अद्भुत परंपरा का प्रतीक है। भोजपत्र पर लिखे इस दस्तावेज को देखकर आज भी लोग उस युग की सरलता और समर्पण को महसूस कर सकते हैं। बलिया के उदासीनाथ मठ में यह धरोहर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि भारत की ऐतिहासिक विरासत का जीता-जागता उदाहरण भी है।

# किसान मेले का आज उद्घाटन करेंगे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज

### खपरी, कुम्हारी में तीन दिवसीय मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा खपरी कुम्हारी में तीन दिवसीय किसान मेला आयोजित किया जा रहा है, जो 10 से 12 जनवरी तक चलेगा। यह 8वां आयोजन है, जिसमें किसानों के लिए कृषि उत्पादों और आधुनिक यंत्रों की प्रदर्शनी और विक्रय की जाएगी। मेले के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शिरकत करेंगे। इसके अलावा, विशिष्ट अतिथियों के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, दुर्ग सांसद विजय बघेल और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

**यह होगा खास** यह मेला किसानों को न केवल नए कृषि उपकरणों और तकनीकों से परिचित कराएगा, बल्कि उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पादों के बारे में भी जानकारी प्रदान करेगा।

# रमजान पर बन रहा अनोखा खगोलीय संयोग, सूर्यग्रहण के साथ होगा खत्म

### रमजान के खात्मे के साथ सूर्यग्रहण

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन



इस्लामिक कैलेंडर के पवित्र महीने रमजान के लिए दुनियाभर के मुसलमान इंतजार करते हैं। साल 2025 में रमजान महीना फरवरी की अमावस्या के कुछ घंटों बाद शुरू होगा। हालांकि, इस बार रमजान के साथ ही एक खगोलीय घटना भी होने जा रही है। इस साल रमजान और सूर्यग्रहण का एक अनोखा संयोग होने जा रहा है। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का पवित्र महीना है। इस्लामिक कैलेंडर चंद्रमा पर आधारित है, जिसमें चांद के आधार पर एक महीने के अंत और दूसरे की शुरुआत को निर्धारित किया जाता है। हालांकि, उनकी पहले से गणना नहीं की जा सकती है, क्योंकि वे अमावस्या के तुरंत बाद अर्द्धचंद्र के दिखने पर निर्भर करते हैं। इसके चलते इस बार रमजान 28 फरवरी शुक्रवार या 1 मार्च शनिवार को शुरू हो सकता है। यह 28 फरवरी को अमावस्या के तुरंत बाद चांद के दिखाई देने पर निर्भर करेगा। इसे रमजान का चांद कहा जाता है।




# भारत का वो किला, जिसमें बिना किराया दिए रहते हैं हजारों लोग



एजेंसी ▶▶| जयपुर

भारत में लंबे समय तक राजा-महाराजाओं का शासन रहा है। इस वजह से यहां पर कई किले मौजूद हैं। कुछ बड़े, कुछ छोटे. पर अधिकतर किले राष्ट्रीय धरोहर बन चुके हैं और उनमें जाने के लिए टिकट लेना पड़ता है। उनकी देखभाल सरकार करती है, जिससे ये प्राचीन धरोहर आगे तक बनी रहे। पर क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसा पुराना किला है, जिसमें हजारों लोग रहते हैं। हैरानी इस बात की है कि ये लोग बिना किराया दिए ही यहां रहते हैं। इन लोगों की परंपराएं काफी अजीब हैं, मसलन, ये लोग शादी के कार्ड को बांटने के साथ-साथ दीवारों पर भी पेंट कर के छाप देते हैं। इस शहर का नाम है जैसलमेर, जहां ये किला मौजूद है। किले को सोनार किला भी कहते हैं। इसे भारत का एक मात्र लिविंग फोर्ट भी कहा जाता है, क्योंकि यहां किले के अंदर 4000 के करीब लोग रहते हैं।

## यहां शादी के कार्ड को करते हैं पेंट

शिवांगी ने वीडियो में किले के बारे में काफी रोचक बातें बताईं। उन्होंने बताया कि किले में भांग लीगल है। सबसे ज्यादा रोचक बात ये है कि यहां पर जो लोग रहे हैं, वो अपने घरों के बाहर शादी के कार्ड को पेंट कराए रहते हैं। वो एक घर के सामने खड़ी हुईं, जिसमें गणेश जी की फोटो बनी थी और शादी की पूरी जानकारी लिखी हुई थी। जो कोई भी उस कार्ड को देखता है, वो शादी में शामिल हो सकता है। जैसलमेर को गोल्डन सिटी भी कहते हैं। जैसलमेर का किला 1156 में राजा रावल जैसल ने बनवाया था।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com